हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

मौसम का आनंद लेती युवतियां



बुधवार की दोपहर से बारिश शुरू होने के बाद शहर का वातावरण बदल गया। सड़कें भीगी नजर आने लगी और लोग भीगते हुए सड़कों पर आते-जाते दिखाई देते रहे। फोटो : वशी उल्लाह

बुधवार दोपहर से पूरे दिन होती रही बारिश, लगातार चलती रहीं ठंडी हवाएं

'अर्नब' ने बदला शहर का मिजाज, आज तेज बारिश के आसार

बंगाल की खाड़ी में आए चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव से शहर का मौसम बदला नजर आया। बुधवार दोपहर से शुरू हुई बारिश पूरे दिन होती रही। इस दौरान तेज हवाएं भी चलती रहीं। इस तूफान का खासा असर गुरूवार को होने की बात कही गई है। मौसम विभाग ने गुरूवार को तेज बारिश की संभावना जाहिर की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खाड़ी में आए चक्रवाती तूफान से एक ओर जहां पूरा देश प्रभावित है, वहीं शहर में भी इसका खासा प्रभाव देखा गया है। बुधवार को शहर में दिन की शुरूआत तो खुले मौसम से हुई व हल्की धूप भी खिली रही, लेकिन दोपहर आते-आते तूफान का असर आसमान पर नजर आने लगा था। आसमान पर पूरी तरह बादलों का कब्जा हो चुका था व दोपहर ढाई बजे के करीब बूंदाबादी शुरू हुई। इस दौरान लगातार होने वाली बारिश की गति कम व तेज होती रही। सिस्टम के प्रभाव से वैसे तो तेज हवाएं भी लगातार चलती रहीं, लेकिन शाम छह बजे के करीब हवाओं की गति कुछ ज्यादा ही महसूस की गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में सिस्टम का बड़ा असर गुरूवार को देखा जाएगा। इस दौरान मध्यम बारिश की संभावना तो पूरे प्रदेश में व्यक्त की गई है, लेकिन उत्तरी छत्तीसगढ़ में कहीं-कहीं भारी बारिश संभावित है। मौसम वैज्ञानिकों ने कहीं-कहीं 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना जाहिर की है। बिलासपुर शहर में 20 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से हवाएं चल सकती हैं।

31 अक्टूबर तक रहेगा असर

शहर में मौसम में आया यह बदलाव 31 अक्टूबर तक बना रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार गुरूवार को सर्वाधिक असर रहेगा, लेकिन शुक्रवार आते-आते बादल, हवा एवं बारिश तीनों की स्थिति कमजोर हो जाएगी, लेकिन सिस्टम का प्रभाव समाप्त नहीं होगा। इसका असर 31 अक्टूबर तक देखने को मिलेगा।

31 तक रहेगा असर

चक्रवाती तूफान का असर बदली-बारिश व हवा के रूप में बुधवार से देखा जा रहा है। गुरूवार को इसमें सर्वाधिक तेजी आएगी। शुक्रवार को इसका असर कमजोर हो जाएगा, लेकिन 31 अक्टूबर तक इसका असर रह सकता है।

- डॉ.एपी चंद्रा, मौसम वैज्ञानिक

ठंडी पड़ी त्योहार की गर्मी

शहर में इन दिनों दीवाली त्योहार को लेकर खासी तैयारी चल रही है। घरों में रंग-रोगन तो हो ही रहे हैं, वहीं ग्राहकों के लिए बाजार भी सजकर तैयार है। शहर में दीवाली की खरीदारी भी प्रारंभ हो चुकी है। ऐसे में अचानक आए खाड़ी के तूफान ने त्योहार की खुमारी में रूकावट पैदा कर दी है। रात बारह बजे तक खुलने वाली दुकानें बुधवार को रात दस बजे ही बंद नजर आईं। बदली-बारिश व हवाओं के बीच लोगों ने खरीदारी का मन बदल लिया व दुकानों पर शहर वासियों की अपेक्षित भीड़ नजर नहीं आई।

आज स्कूलों में अवकाश घोषित

बिलासपुर जिला शिक्षाधिकारी ने एक आदेश जारी कर 29 अक्टूबर गुरुवार को बिलासपुर जिले की समस्त शैक्षणिक संस्थाओं शासकीय व अशासकीय स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। मौसम विभाग से प्रापत जानकारी के अनुसार



बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव एवं अति वर्षा की संभावना के दृष्टिकोण से छात्र-छात्राओं को विद्यालय पहुंचने में होने वाली कठिनाईयां एवं बच्चों के स्वास्थ्य व सुरक्षा को देखते हुए 29 अक्टूबर गुरुवार को बिलासपुर जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थाओं शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।

उत्कल घंटों लेट पहुंची, दूरंतो 19 घंटे देर से

चक्रवात अर्नब के कारण शहर में जहां तेज हवाओं के साथ बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हुआ। वहीं तूफान की वजह से पुरी से बिलासपुर होकर हरिद्वार की ओर जाने वाली उत्कल घंटो लेट पहुंची। उत्कल के अलावा सबसे अधिक किराया वसूल करने वाली दूरंतो एक्सप्रेस ने 19 घंटे अतिरिक्त समय लेकर लेट लतीफी का रिकार्ड बना दिया, जिसमें सबसे अधिक परेशान यात्री रहे। वहीं यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए रेल प्रशासन की ओर से जोनल स्टेशन सहित अन्य सभी स्टेशनों पर हेल्प लाइन डेस्क लगाने के साथ रेल अफसरों की मौजूदगी में ट्रेन परिचालन को सुचारू रूप से चलाने निगरानी भी शुरु कर दी है।



■ स्टेशनों में लगाए गए हेल्पलाइन डेस्क 24 घंटे अधिकारियों की निगरानी शुरु

बुधवार की सुबह हावड़ा से मुम्बई सीएसएमटी की ओर जाने वाली ट्रेनों में हावड़ा-मुम्बई मेल, ज्ञानेश्वरी, अहमदाबाद दोपहर के बाद जोनल स्टेशन पहुंची। वहीं बिलासपुर से तिरुपति की ओर जाने वाली ट्रेन को 6 घंटे से अधिक समय रिशेड्यूल्ड कर रवाना किया गया। 12261 सीएसएमटी-हावड़ा जंक्शन सुबह 9.50 बजे के बजाय 19 घंटे, 08610 मुम्बई-एलटीटी सुपरफास्ट पूजा स्पेशल सुबह 7.05 बजे के बाद 17 घंटे लेट, देर रात 1 बजे आने वाली 12860 हावड़ा-सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रेस 6 घंटे लेट, 01107 मुम्बई एलटीटी-संतरागाछी जंक्शन पूजा स्पेशल सुबह 4.45 बजे के बजाय 11 घंटे लेट के साथ डिवीजन के स्टेशन के बीच चलने वाली 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू लोकल 5 घंटे लेट, आरा से दुर्ग के बीच चलने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस 5 घंटे लेट, सुबह 9 बजे बिलासपुर आने वाली हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेरस 11 घंटे लेट, हावड़ा से सीएसएमटी के बीच चलने वाली दूरंतो एक्सप्रेस 5 घंटे लेट और पूजा स्पेशल बनकर चल रही संतरागाछी से प्रतापनगर स्पेशल ट्रेन 8 घंटे विलंब से बिलासपुर स्टेशन तक पहुंची।

तेज हवा से शहर की बिजली बंद

चक्रवात अर्नब का असर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था पर भी पड़ा। दोपहर 2 बजे के बाद हवाओं कें चलने के साथ बारिश शुरु होते ही बिजली की आंख मिचौली चलती रही। शहर के तेलीपारा, मसानगंज, मध्यनगरीय चौक, गोल बाजार, सदर बाजार, गोड़पारा सहित सरकंडा एरिया में बिजली के आने-जाने की वजह से लोग परेशान होते रहे। मौसम में ठंडक होने की वजह से पंखे कूलर की आवश्यकता तो नहीं पड़ी, लेकिन आसमान में बादल छाने के साथ ही घर व दुकानों में अंधकार छाया रहा। इसी तरह की हालत शाम और रात तक होने के कारण लोग भी हलाकान हुए। शाम को रिंग रोड नम्बर दो गौरव पथ, नर्मदा नगर, मंगला, महाराणा प्रताप चौक, जरहाभाठा के अलावा ग्रामीण एरिया में सकरी, तखतपुर, कोटा, मस्तूरी, सीपत में भी घंटो अंधेरा छाया रहा। इस दौरान परेशान हो रहे उपभोक्ताओं से सूचना मिलने के बाद बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए गाड़ी और कर्मचारी एक स्थान से दूसरे स्थान तक दौड़ते भागते रहे। कर्मचारियों की कमी के साथ एक स्थान पर समय लगने के कारण दूसरे स्थान पर बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए काफी समय लगा।



खबर संक्षेप

रायगढ़ से बिलासपुर के बीच मेमू रद्द रहेगी 2 को

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत चांपा से रायगढ़ सेक्शन के सक्ती से झाराडीह और झाराडीह से खरिसिया स्टेशन के बीच आटोमेटिक सिग्नलिंग कमीशनिंग का कार्य होगा। इसके कारण नान इंटरलाकिंग से बिलासपुर से रायगढ़ के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन 2 नवम्बर को रद्द की जाएगी। इसमें 68737 रायगढ़ से बिलासपुर मेमू पैसेंजर और बिलासपुर से रवाना होने वाली 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

परिसमापन के पूर्व मंगाई गई दावा आपत्ति

बिलासपुर। कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं बिलासपुर द्वारा जिले की सहकारी समितियों के परिसमापन के पूर्व 60 दिन के भीतर दावा-आपत्ति मांगा है। परिसमापक एवं सहकारी निरीक्षक ने बताया कि जिले की प्राथमिक वृक्ष सहकारी समिति मर्यादित कारीछापर, ठरकपुर, कैमाडीह, बरगन, सावंतपुर, सोंठी, उपका, लूफा, खैरा एवं अम्बेडकर प्राथमिकता उपभोक्ता भंडार सह. समिति मर्या. अम्बेडकर नगर के परिसमापन की कार्रवाई हेतु समिति के दावेदार, लेनदार अपने दावेमय लिखित प्रमाण में 60 दिन के भीतर प्रस्तुत कर सकते है। यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संस्थाओं का रिकार्ड, संपत्ति आदि हो तो तत्काल परिसमापक को सौंप देवें अन्यथा दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

किसानों को खड़ी फसल नहीं काटने की चेतावनी

चक्रवाती तूफान के प्रभाव से जिले में संभावित बारिश से धान की फसल को बड़ा नुकसान हो सकता है। कृषि विभाग ने किसानों को फिलहाल खड़ी फसल की कटाई नहीं करने की समझाईश दी है। इसी तरह जो फसल काटी जा चुकी है, उसे तत्काल खेत की मेढ़ पर या किसी ऊंचे स्थान पर रखने की सलाह भी दी गई है, ताकि भारी बारिश की स्थिति में खेत में पानी भरने पर भी बड़े नुकसान को रोका जा सके।

■ काटी जा चुकी फसल ऊंचाई में रखने की भी सलाह

बंगाल की खाड़ी में आए चक्रवाती तूफान के असर से होने वाली बारिश जिले के किसी क्षेत्र में किसानों के लिए हानिकारक है तो कहीं-कहीं इसके लाभ भी सामने आ रहे हैं। कृषि विभाग के अनुसार जिन किसानों के द्वारा फसल की कटाई की जा रही है, उन्हें अभी कुछ दिनों तक फसल कटाई रोक देनी चाहिए। इस तरह जिन किसानों ने फसल काट ली है और वे खेत में करपा के रूप में रखे हुए हैं तो उन्हें तत्काल खेत की मेढ़ पर या ऊंचाई वाले स्थान पर सुरक्षित रख लिए जाएं। गुरूवार को संभावित बारिश से खेतों में पानी अधिक जमा होने की स्थिति में काटकर खेत में ही रखी गई फसल खराब हो सकती है।

चक्रवाती तूफान से फसल को नुकसान संभव



किसानों को रबी की जुताई के लिए लाभ

जिले में ऐसे किसानों की भी बड़ी संख्या है जो 90 दिनों में पक जाने वाली धान की अर्ली वेरायटी वाली किस्में उगाते हैं। इन किसानों द्वारा अपनी फसल काटी जाने लगी है। ऐसे में अब इनके खेत पूरी तरह खाली हो चुके हैं, जिससे वर्तमान में हो रही बारिश से खेतों को पर्याप्त नमी मिलेगी जिससे वे रबी में बोनी करने के लिए अभी खेतों की जुताई कर सकते हैं।

तेज हवा से झुक जाएंगी बालियां

मौसम विभाग के अनुसार तूफान के असर से बारिश की संभावना तो जाहिर की गई है, लेकिन इस दौरान तेज हवा चलने की संभावना भी है। ऐसे में तेज हवा के प्रभाव से खड़ी फसल के झुककर खेतों में लेट जाने की भी संभावना है। ऐसे स्थिति में फसल के इन हिस्सों में हार्वेस्टर से मिसाई नहीं हो सकेगी, जिसे किसानों को हाथों से कटाई करवानी होगी। इसमें न केवल समय, बल्कि पैसे भी अतिरिक्त खर्च होंगे।

दी गई है सलाह

चक्रवाती तूफान के असर से होने वाली बारिश के दौरान किसानों को खड़ी फसल की कटाई नहीं करने की सलाह दी गई है। इसी तरह काटी जा चुकी फसल को मेढ़ या ऊंचाई पर रखने की भी समझाइश दी गई है, ताकि खेत में पानी भरने की स्थिति में फसल को नुकसान न हो। खेत में पानी की कमी वाले हिस्सों में यह बारिश किसानों के लिए लाभदायक भी साबित होगी।

- एमआर तिग्गा, उपसंचालक कृषि

रेत चोरी के मामले में फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश ने कहा-

पैसों को खा नहीं सकते

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



■ दोषी को तीन साल जेल 25 हजार जुर्माना

अरपा नदी से अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन के एक मामले में फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरैशी ने अमेरिका की आदिम जनजाति क्री समाज में प्रचलित प्रसिद्ध कहावत का जिक्र करते हुए कहा कि जब आखिरी पेड़ कट जाएगा, आखिरी नदी जहरीली हो जाएगी और आखिरी मछली पकड़ ली जाएगी तब इंसानों को अहसास होगा कि वे पैसों को खा नहीं सकते। इस मामले में उन्होंने दोषी को तीन साल कठोर कारावास व 25 हजार अर्थदंड से दंडित किया है।अरपा नदी के नगोई घाट में 17 जून 2025 को नायब तहसीलदार एवं उनकी टीम के द्वारा ट्रेक्टर ट्राली क्रमांक सीजी 10 बीई 7869 को पकड़ा गया था। इस मामले में निर्णय पारित करते हुए कोटा थाना के सल्का निवासी कुंवर सिंह कंवर पिता सम्मार सिंह को अवैध तरीके से रेत का उत्खनन एवं परिवहन के मामले में तीन साल कठोर कारावास एवं 25 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अपने जजमेंट में न्यायाधीश के द्वारा पोप फ्रांसिस के द्वारा कही गई बात ' जैव विविधता को नष्ट करना ईश्वर की रचना की अखंडता पर हमला करना है ' का भी उल्लेख किया गया है। ज्ञात हो कि खनिज चोरी के करीब 66 प्रकरणों में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा जिले के विभिन्न थानों में अपराध दर्ज किया गया है। उक्त सभी प्रकरण विशेष न्यायाधीश खान एवं खनिज अधिनियम 1957 में प्रक्रियाधीन हैं। इसी के अंतर्गत बुधवार को एक प्रकरण में फैसला सुनाया गया है।

दोषी को दंडित किया जा रहा

खनिज चोरी के विभिन्न प्रकरणों में दोषी व्यक्तियों को लगातार कठोर कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया जा रहा है। खनिज माफियाओं में अवैध गतिविधियों की संलिप्तता को लेकर निश्चित रूप से भय का वातावरण निर्मित होगा।

- किशोर कुमार गोलघाटे, उपसंचालक खनिज विभाग

दो लोगों से 15 लाख की ठगी

बिलासपुर। शेयर मार्केट में मुनाफा कमाने का झांसा देकर दो लोगों से 15 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, अशोक विहार फेस 2 निवासी अश्वनी देवांगन के मोबाइल में शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर मोटी रकम मुनाफा कमाने का एक एप भेजा गया। एप डाउनलोड करने पर उन्हें फोन कर मोटी रकम कमाने का झांसा दिया गया। उनकी बातो में आकर श्री देवांगन शेयर मार्केट में पैसा लगाने लगे। पहले तो उन्हें मुनाफा हुआ तो मोटी रकम लगाने लगे। उसके बाद मुनाफा की राशि लौटाने के लिए उन्हें घुमाया जाने लगा। उनसे शेयर मार्केट के नाम पर 7 लाख 20 हजार रुपए आनलाइन ठगी कर ली गई है। इसी तरह तोरवा क्षेत्र के देवरीखुर्द निवासी मुगराला हेमंतराव से शेयर मार्केट में मुनाफा कमाने का झांसा देकर 8 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस ने दोनों मामले में अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।



■ शेयर मार्केट में मुनाफा कमाने का झांसा

सरेराह युवक को लाठी से पीटते वीडियो वायरल

बिलासपुर। सोशल मीडिया पर सरेराह एक युवक की बेरहमी से लाठी से पिटाई करते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। इधर पुलिस ने उल्टा मारखाने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं लाठी से मारपीट करने वालों पर कार्रवाई नहीं की गई है।

सोशल मीडिया में पुराना बस स्टैण्ड राजीव प्लाजा के सामने एक युवक के साथ लाठी से मारपीट करते वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है मारपीट की दो दिन पहले सोमवार को हुई थी। मारपीट करने के बाद युवक को कार्रवाई करने के लिए पुलिस को सौंप दिया गया। उस पर आरोप लगाया कि वह डोसा दुकान में तोड़फोड़ कर रहा था। पुलिस ने शिकायत पर मारखाने वाले युवक लिंगियाडीह अटल आवास निवासी विक्की मानिकपुरी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया है। वहीं लाठी से मारपीट करने वाले पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।



कार्रवाई की जाएगी

डोसा दुकान में तोड़फोड़ करने की शिकायत पर युवक पर कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के बाद मारपीट करने का वीडियो वायरल हो रहा है। मारपीट करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

- शनिप रात्रे, तारबाहर टीआई

खबर संक्षेप

लिमही में तीन दिवसीय 5 कुंडली गायत्री महायज्ञ

तखतपुर। पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 28 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक ग्राम लिमही में किया गया है। जिसमें कथा वाचक भोले जी रहेंगे। यह जानकारी संतोष कश्यप ने दी।

डिप्टी सीएम ने दी विद्युत उपकेंद्र की सौगात

लोरमी। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अंचल के ग्राम बोड़तराकला में विद्युत उप केंद्र की स्वीकृति प्रदान की है। अरुण साव ने कहा कि ग्रामीणों को पुरानी मांग थी इस पर तत्काल सज्ञान लेकर सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। बोड़तराकला में नए सब स्टेशन के निर्माण से ग्रामीणों को त्वरित बिजली एवं किसानों को बड़ी सुविधा प्रदान होगी इसके लिए जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

उद्यानिकी कॉलेज में प्रवेश हेतु आवेदन 30 तक

तखतपुर। क्षेत्र में नए उद्यानिकी महाविद्यालय में प्रवेश शुरू हो गया है। 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है। महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग के अंतर्गत तखतपुर में नवीन उद्यानिकी महाविद्यालय विधायक धर्मजीत सिंह के अथक प्रयास से प्रारंभ हो गया है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीएससी उद्यानिकी में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसके लिए इच्छुक उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए कुल 60 सीटें उपलब्ध हैं। 12वीं कक्षा में विज्ञान, कृषि या गणित विषय से उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन 23 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2026 तक होगा आवेदनों की जांच उपरांत 3 नवंबर को कॉउंसलिंग होगी।

कक्षा 9वीं प्रवेश की चतुर्थ चयन सूची जारी

मुंगेली। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चतुर्थ काउंसलिंग की चयन सूची जारी कर दी गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि चतुर्थ काउंसलिंग में प्राप्त आवेदनों के आधार पर मेरिट क्रम में तैयार चयन सूची विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई है। चयनित विद्यार्थियों को 30 अक्टूबर तक संबंधित प्रयास आवासीय विद्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

पुरानी बात को लेकर मारपीट, मामला दर्ज

तखतपुर। पुरानी बात को लेकर आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोढ़े निवासी विभव कांत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 26 अक्टूबर की सुबह 7 बजे के लगभग आरोपी छोटू पटेल आया और पुराना पैसा जमा कर लो कहकर बातचीत की और उसके बाद पैसा जमा किया। इसके बाद उसने पुरानी बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

पुलिस महानिदेशक ने की आधुनिक पुलिसिंग की सराहना

रतनपुर में ई-मालखाने का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

छत्तीसगढ़ में पुलिस व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने की दिशा में पुलिस विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने रतनपुर थाना निरीक्षण के दौरान विभिन्न नवीन पुलिस भवनों एवं ई-मालखानों का लोकार्पण किया। इस दौरान सिविल लाइन स्थित नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) कार्यालय के नवीन भवन, पचपेड़ी में नवीन थाना भवन एवं ई-मालखाना तथा रतनपुर थाना में नवीन ई-मालखाने का लोकार्पण किया गया।

नवीन भवनों और सुविधाओं के शुरू होने से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर कार्यस्थल मिलेगा। वहीं, आम नागरिकों की शिकायतों के निराकरण और पुलिस सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने में भी मदद मिलेगी। ई-मालखाने के माध्यम से जब्त सामग्री एवं विभिन्न आपराधिक प्रकरणों से संबंधित संपत्ति का सुरक्षित और व्यवस्थित संधारण किया जा सकेगा। इससे अभिलेखों के प्रबंधन में पारदर्शिता आएगी और पुलिस की कार्यप्रणाली में आधुनिक तकनीक का उपयोग बढ़ेगा। पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज रामगोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में बेसिक पुलिसिंग को मजबूत करने और आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग के लिए रतनपुर एवं पचपेड़ी में ई-मालखाने की व्यवस्था विकसित की गई है। पुलिस थानों को डिजिटल एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की यह पहल पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक व्यवस्थित और जवाबदेह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में एसडीओपी कोटा नूपुर उपाध्याय, रतनपुर थाना प्रभारी निलेश पांडे, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस विभाग की ओर से जिले में आधारभूत सुविधाओं के और विस्तार का भरोसा भी दिलाया गया।

मजबूत हो रहा पुलिस अधोसंरचना का आधार

उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा जिले में पुलिस अधोसंरचना और आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उनके प्रयासों से पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रक्षित केंद्र, सीएसपी कार्यालय, आईयूसीए कार्यालय, बालक विरुद्ध अपराध अनुसंधान इकाई, पचपेड़ी थाना, केन्दा चौकी, एसडीओपी एवं सीएसपी के आवासीय भवन तथा अधिकारी-कर्मचारियों के आवास जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं पर काम किया गया है। इनमें कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि अन्य कार्य प्रक्रियाधीन हैं।

नवरात्रि की व्यवस्था पर मिली सराहना

रतनपुर प्रवास के दौरान पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने नवरात्रि पर्व के दौरान की गई सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रतनपुर थाना प्रभारी निलेश पांडे की सराहना की। धार्मिक एवं पर्यटन नगरी रतनपुर में नवरात्रि के दौरान मां महामाया मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने के मद्देनजर सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रहती है। इस दौरान पुलिस की व्यवस्थाओं और सुरक्षा इंतजामों को लेकर डीजीपी की सराहना को स्थानीय पुलिस के प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पचपेड़ी थाना के नए भवन का किया उद्घाटन

पचपेड़ी। पचपेड़ी थाना परिसर में मंगलवार को नए थाना भवन का उद्घाटन बिलासपुर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारियों, थाना स्टाफ, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और आसपास के गांवों के सरपंचों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में ग्रामीण एसपी मधुलिका सिंह, सीएसपी सुदीप सरकार, पचपेड़ी थाना प्रभारी कमला पुसान ठाकुर, जनपद सभापति नरेंद्र नायक, जनपद सदस्य ज्वाला प्रसाद बंजारे, पचपेड़ी सरपंच चंद्रप्रकाश कुर्रे, व्यापारी संघ अध्यक्ष सुरेश खटकर, रमेश सूर्यकांत सहित आसपास के गांवों के सरपंच एवं सरपंच प्रतिनिधि उपस्थित रहे। नए थाना भवन के उद्घाटन के दौरान एसपी रजनेश सिंह ने थाना के



विभिन्न रिकॉर्ड की जांच कर उनका निरीक्षण किया। उन्होंने थाना की कार्यप्रणाली और अभिलेखों का जायजा लिया। इसके बाद पुलिस अधिकारियों एवं थाना स्टाफ से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस व्यवस्था को बेहतर बनाने और आम जनता की शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के समापन पर पुलिस विभाग के अधिकारियों और उपस्थित लोगों ने थाना परिसर में जामुन एवं अमरूद सहित विभिन्न पौधे लगाए।

ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

उद्घाटन के बाद एसपी रजनेश सिंह ने पुलिसकर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों को बधाई दी। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और पुलिस के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस को अवगत कराना चाहिए। पुलिस विभाग आम जनता की सहायता के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने थाना स्टाफ को भी आम लोगों के साथ बेहतर व्यवहार करने और उनकी समस्याओं के निराकरण पर ध्यान देने की बात कही।

सिख समाज ने श्रद्धा के साथ मनाया गुरु रामदास का प्रकाश पर्व

बिल्हा। स्त्री सत्संग समिति द्वारा गुरु सिंह सभा व समूह साध-संगत के सहयोग से चौथे पातशाही श्री गुरु रामदास के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विशेष दीवान का आयोजन किया गया। यह धार्मिक समागम श्रद्धा, उल्लास और सेवा-भाव के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत में 30 सहज पाठ साहिब की संपूर्णता (समाप्ति) कराई गई, जिसके उपरांत संगत व रागी जत्थों द्वारा मधुर शबद कीर्तन का गायन किया गया। गुरु के यशोगान से पूरा गुरुद्वारा हॉल निहाल हो गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गुरु



पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित 'लिखन भक्ति' प्रतियोगिता रही। इसमें बच्चों और बड़ों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा करते हुए विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्त्री सत्संग समिति की प्रमुख सदस्याओं का विशेष योगदान रहा, जिसमें बीबी कमलेश सलूजा, मेहर कौर, हरचरण कौर बग्गा, उषा खनूजा, स्वर्ण कौर सलूजा, नवनीत खनूजा और शांति बग्गा सरदार अमरजीत सिंघ सवन्नी सरदार हरदीप सिंघ सलूजा सहित समूह साध-संगत उपस्थित रही।

आधार की त्रुटियां सुधारने मस्तूरी सीपत, खम्हरिया में लगेंगे शिविर

सीपत। आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि सहित अन्य जानकारियों में त्रुटि है या आधार का बैंक खाते से लिंक और सीडिंग नहीं हुआ है, तो विद्यार्थियों के लिए इसे सुधारने का अच्छा अवसर है। जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मस्तूरी विकासखंड में 2, 3 और 4 नवंबर को तीन अलग अलग स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे। शिविर में नया आधार कार्ड बनवाने, आधार में आवश्यक सुधार कराने, आधार सीडिंग और एमबीयू से संबंधित कार्यों के लिए सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर का समय सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। जारी पत्र के अनुसार 2 नवंबर, सोमवार को आत्मानंद विद्यालय मस्तूरी में शिविर लगेगा। 3 नवंबर, मंगलवार को आत्मानंद स्कूल सीपत में तथा 4 नवंबर, बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में शिविर आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थियों और अभिभावकों की सुविधा के लिए विकासखंड में अलग अलग स्थानों पर यह व्यवस्था की गई है, ताकि आधार संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें भटकना न पड़े।

संघ के स्वयंसेवकों ने किया पथसंचलन मनाया गया विजयादशमी उत्सव

बोदरी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा 25 अक्टूबर को राम मंदिर रामावेली में पथसंचलन एवं विजयादशमी उत्सव का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने अनुशासित पथसंचलन किया। पथसंचलन राम मंदिर, रामावेली से प्रारंभ होकर आशीर्वाद वैली कॉलोनी से होते हुए पुनः राम मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। इस दौरान स्वयंसेवकों ने राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, संगठन शक्ति, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृष्ण



कुमार कौशिक, संचालक अनुराग विद्या मंदिर चकरभाठा, मुख्य वक्ता रामस्वरूप दास महात्यागी, प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय संत समिति एवं राम आश्रम मदकूदीप तथा प्रभाकर राव, संघचालक, महाराणा प्रताप उपनगर की उपस्थिति रही। इनके अतिरिक्त रामलला शाखा, रामाबली के कार्यवाह राजकुमार बाजपेई, मुख्य शिक्षक धनीराम पटेल एवं समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे। विजयादशमी उत्सव पर संगठन, सेवा, संस्कार, अनुशासन एवं सामाजिक एकता के महत्व को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध, आपसी सद्भाव तथा सेवा भावना को सुदृढ़ करना रहा। आयोजन ने सामूहिक सहभागिता और राष्ट्रहित में संगठित होकर कार्य करने की प्रेरणा दी।

भाईचारे की अनूठी परंपरा, अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

समीपी ग्राम जुनवानी में हिंदू-मुस्लिम समाज के संयुक्त तत्वावधान में दसवें वर्ष श्री अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस आयोजन ने एक बार फिर सामाजिक सद्भाव, आपसी प्रेम और मानवता की अनूठी मिसाल पेश की।

शुभारंभ अवसर पर सैकड़ों महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर लाल, पीली और हरी साड़ियां धारण कीं तथा सिर पर कलश रखकर भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा पूरे गांव का भ्रमण कर रामायण स्थल पहुंची। यहां आचार्य पंडित रविशंकर तिवारी एवं मिथुन तिवारी ने ज्योति प्रज्वलन, कलश स्थापना और नवग्रह पूजन सहित धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। इसके बाद अतिथियों का कर्मा दल, मांदर, बैंड-बाजे और आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस कल्याण



पेट्रोल पंप के प्रभारी उपनिरीक्षक ओंकारधर दीवान, छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के सचिव महेश दुबे टाटा महाराज, प्रवक्ता अभय नारायण राय, ज्योतिषाचार्य रविंद्र वैष्णव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुशील राजा चौबे, कमलेश गोलू सिंह, बड़े यादव, मल्हार पुलिस चौकी प्रभारी अवधेश सिंह ठाकुर, राजेश पांडेय सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि जुनवानी का यह आयोजन पूरे जिले और प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है। सबसे बड़ा धर्म मानवता का धर्म है। हिंदू-मुस्लिम समाज की संयुक्त सहभागिता आपसी भाईचारे और एकता का सुंदर उदाहरण है। रामायण स्थल को रंगीन तोरण, पताकाओं और देवी-देवताओं के चित्रों से सजाया गया है। आयोजन की सफलता में संरक्षक अमीन खान, सरपंच संजय रजक, समिति के पदाधिकारियों तथा दोनों समाज के ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम का संचालन करुणेश कुमार नापित ने किया व आभार व्यक्त अमीन खान ने किया। ग्राम जुनवानी का यह आयोजन संदेश देता है कि धर्म अलग हो सकते हैं, लेकिन प्रेम, भाईचारा और मानवता सभी को एक सूत्र में बांधते हैं।



शरद पूर्णिमा पर रात्रि भजन-कीर्तन में झूमे श्रद्धालु



दगोरी। आदर्श मोहल्ला गांधी चौक में पूर्णिमा पर शरद पूर्णिमा पर्व मनाया गया। सुबह से ही स्नान दान कर संध्या कालीन चौक में कृष्ण कन्हैया लाल तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम चंद्र जी की पूजा अर्चना आरती के साथ भजन कीर्तन गायन का आयोजन आरती के साथ शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात्च नन्हे मुन्ने बालक की टीम श्याम सुंदर सन्नाट की गोपाल द्वारा सुमधुर सुंदर मनमोहक गीत की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात हरिओम कीर्तन मंडली द्वारा गीत भजन की प्रस्तुति अर्धरात्रि तक सैकड़ों की संख्या में दर्शक भजन प्रेमी सहयोगियों के साथ प्रभु की कीर्तन भजन में झूमते रहे। तत्पश्चात खीर पूड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में श्रोता भक्त प्रभु की कीर्तन भजन में भक्तजन उपस्थित रहकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र न कृष्ण कन्हैया लाल का पूजन करते रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम पटेल ज्वाला प्रसाद सन्नाट, गुरुजी हेमचंद्र सन्नाड, राधेश्याम कौशिक, राजकुमार कौशिक, रमेश सन्नाट, दशरथ सन्नाट, दीपक सन्नाट, संजीव सन्नाट, लालाराम कौशिक, संजय, रामेश्वर, दिलेश कौशिक, राजकुमार, दुर्गेश, पुन्नी राम कौशिक, अमरसिंह, हरिराम, गगन, अनंत, सिताबाई, लक्ष्मीन बाई, राजकुमारी, रामप्यारी, कृष्णा, मालती कौशिक, रामकुमार, दिशू, तीलू, मुन्ना कौशिक, सचिन, भोलू रंजीत कौशिक सहित बड़ी संख्या में भजन प्रेमी, साधक जन उपस्थित थे।

भठलीकला में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

धरमपुरा। ग्राम भठलीकला में 24 अक्टूबर से संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। धार्मिक आस्था और भक्तिमय वातावरण के बीच आयोजित इस कथा में श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की महिमा, उनकी लीलाओं तथा श्रीमद्भागवत महापुराण में वर्णित



आध्यात्मिक प्रसंगों का श्रवण कर रहे हैं। कथा का वाचन पं. रवि दुबे द्वारा किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन के यजमान द्वारिका प्रसाद यादव एवं सविता यादव हैं। कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुए इस धार्मिक अनुष्ठान से ग्राम में भक्तिमय वातावरण निर्मित हुआ। कलश यात्रा को सनातन धर्म में शुभता, पवित्रता और मंगल का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धालुओं ने धार्मिक आयोजन में सहभागिता कर भगवान के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। कथा के माध्यम से मिल रही धर्म और भक्ति की प्रेरणा। मनुष्य के जन्म जन्मान्तर के पुण्यों का प्रकट होने पर श्रीमद भागवत कथा श्रवण लाभ मिलता है। उक्त बाते कथा व्यास पं रवि दुबे ने अपने प्रवचन में कही। कथावाचक पं रवि दुबे संगीतमयी शैली में श्रीमद्भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन कर रहे हैं। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, भक्तों के प्रति उनकी कृपा तथा धर्म और सत्य की महत्ता को प्रस्तुत किया जा रहा है। भक्ति संगीत और मधुर भजनों के माध्यम से श्रद्धालु भक्तिरस में सराबोर हो रहे हैं।श्रीमद्भागवत कथा भारतीय सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। इसके माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान, सदाचार और आध्यात्मिक जीवन का महत्व समझने का अवसर मिलता है। भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश मनुष्य को सत्य के मार्ग पर चलने, अपने कर्तव्यों का पालन करने तथा प्रेम, करुणा और परोपकार की भावना अपनाने की प्रेरणा देते हैं। 24 अक्टूबर से प्रारंभ हुई संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का समापन 1 नवंबर को गीता पाठ, विष्णु सहस्रधारा,हवन के साथ होगा।

हरिभूमि

बिलासपुर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



धर्म-क्षेत्र

करवा चौथ आज, महिलाएं रखेंगी निर्जला व्रत



बिलासपुर। पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर सुहागिन महिलाएं गुरूवार को करवा चौथ का व्रत रखेंगी। हिंदू धर्म में करवा चौथ का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। इस दिन महिलाएं पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर भगवान गणेश, भगवान शिव, माता पार्वती और करवा माता की पूजा-अर्चना करती हैं। इसके बाद शाम को चंद्रोदय के समय चंद्रमा को अर्घ्य देकर पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत का पारण करती हैं। पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह का माहौल है। करवा चौथ के अवसर पर महिलाएं सुबह सूर्योदय से पहले सरगी ग्रहण कर व्रत का संकल्प लेंगी। इसके बाद दिनभर अन्न और जल का त्याग कर व्रत रखेंगी। मान्यता है कि श्रद्धा और विश्वास के साथ यह व्रत करने से वैवाहिक जीवन में सुख-शांति बनी रहती है और पति की दीर्घायु की कामना पूरी होती है। कई महिलाएं अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए भी यह व्रत करती हैं।

शुभारंभ

श्री स्पेशल केयर सेंटर में दिव्यांग बच्चों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी



बिलासपुर। श्री स्पेशल केयर सेंटर में दीपावली के पावन अवसर पर दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित सजावटी सामग्री की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन कमलेश आहूजा मैडम द्वारा किया गया,संस्था संस्थापिका डॉ सुजाता वाजपेई ने कहा, "हमारा उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की क्षमताओं को पहचानकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। ऐसेप आयोजन बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उनकी प्रतिभा को समाज के सामने लाते हैं। प्राचार्य शिवानी विठालकर ने बताया इन कलाकृतियों में बच्चों की मेहनत, लगन और आत्मविश्वास झलकता है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक बच्चे को अपनी प्रतिभा निखारने और स्वावलंबी बनने का अवसर मिले। इस अवसर पर संस्था के कार्यरत स्पीच थैरेपिस्ट चंचल शर्मा,स्पेशल एज्युकेटर उमेश नवरंगसर, आरती साहू मैडम, नीमा मानेश्वर, पदमा शिवणकर, ज्योति यादव एवं मनीष मानेश्वर उपस्थित रहे।

जागरूकता

सिम्स में नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनजागरूकता बढ़ाने, शासकीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों में ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से दो अलग-अलग स्थानों पर सत्यनिष्ठा शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। पहला कार्यक्रम सुबह सिम्स के अधिष्ठाता कार्यालय में आयोजित हुआ। दूसरा कार्यक्रम दोपहर 12 बजे सिम्स चिकित्सालय परिसर में संपन्न हुआ। दोनों कार्यक्रमों में अधिकारियों, चिकित्सकों, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ तथा कार्यालयीन कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने और भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजग रहने का संकल्प लिया। अधिष्ठाता कार्यालय में डॉ. रमणेश मूर्ति ने अधिष्ठाता कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने स्वयं भी शपथ ग्रहण करते हुए ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम

राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में आरव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

बिलासपुर। राष्ट्रीय स्तर की तबला प्रतियोगिता में मास्टर आरव रुपेश भुरंगी ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है।भोपाल में आयोजित संगीत जगत के क्षेत्र में एक अत्यंत गौरवशाली क्षण सामने आया है, जहाँ महर्षि विद्या मंदिर द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित देशभर से आए अत्यंत प्रतिभाशाली और प्रतिष्ठित प्रतियोगियों के बीच कड़े मुकाबले के दौरान, मास्टर आरव ने अपनी बेहतरीन ताल-लय, गति और अद्वितीय वादन शैली से निर्णायक मंडल और श्रोताओं का मन मोह लिया। उनकी इस शानदार सफलता ने महर्षि विद्या मंदिर, उनके गुरुजनों दादा, दादी माता-पिता और समाज का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है। इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और उनके परिजनों ने आरव को आशीर्वाद दिया।



सजा दीवाली का बाजार, पुष्य नक्षत्र के साथ तेज होगी खरीदारी

बाजारों में दीपावली पर्व की तैयारी और जरूरी साजो-सामान की पूछ-परख तेज होने से रौनक बढ़ी है। 1 व 2 नवंबर को पुष्य नक्षत्र से पहले त्योहार के लिए शहर के प्रमुख बाजार सज चुके हैं। गोलबाजार, सदर बाजार कपड़ा मार्केट सहित विभिन्न इलाकों में खरीदी करने वालों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। इस साल बाजार में रंग-बिरंगी इलेक्ट्रॉनिक्स लाइट्स, आधुनिक रंगोली मेकर्स और पर्यावरण अनुकूल 'ग्रीन पटाखों की भारी डिमांड है। दीपावली का त्योहार नवंबर के पहले सप्ताह में है। ऐसे में 10 दिन पहले ही सभी सेक्टर्स के बाजार सज गए है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


बाजार सजते ही लोगों में दीपावली की खरीदी करने को लेकर उत्साह है। दीपावली रोशनी का त्योहार होने और धन की देवी की पूजा की परंपरा के चलते लोग त्योहार से पहले घरों की सजावट और रंग-रोगन का कार्य पहले पूरा करते हैं। यही वजह है कि रंगाई-पोताई के बाद अब लोग अपने घरों को रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाने मिट्टी के दीए के साथ सजावटी इलेक्ट्रॉनिक्स लाइट्स की खरीदी करने इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों पर पहुंच रहे हैं। इसके अलावा त्योहारों में घर के द्वार को थीम बेस्ड रंगोली से सजाने के लिए जरूरी साजो सामान जुटाना शुरू किया है, इसके चलते बाजार में अब रौनक भी बढ़ने लगी है। सजावटी समानों के बाद त्योहार में पटाखें जला कर उत्सव मनाने का रिवाज है। इसके लिए पटाखा बाजार भी सज गया हैं।

रेडीमेड रंगोली और स्टेंसिल का भी क्रेज



समय की बचत और खूबसूरती को देखते हुए इस साल महिलाओं और युवाओं में रंगोली मेकर्स का क्रेज सिर चढ़कर बोल रहा है। रंगोली स्टेंसिल्स की बात करें तो प्लास्टिक और लकड़ी से बने एक से बढ़कर एक स्टेंसिल बाजार में उपलब्ध हैं, जिनकी मदद से मात्र कुछ सेकेंडों में परफेक्ट रंगोली बनाई जा सकती है। रंगोली रोलर्स और पेन की खूब मांग है। इनमें रंग भरकर जमीन पर सिर्फ घुमाना होता है. जिससे बारीक बॉर्डर और सुंदर डिजाइन खुद-ब-खुद छप जाते हैं। फ्लोटिंग दीये और एक्रेलिक रंगोली भी बाजार में पहले से सजी सजाई एक्रेलिक रंगोली मिल रही है। जिसे सीधे मुख्य द्वार पर सजाया जा सकता है।

'ग्रीन क्रैकर्स' से गुलजार पटाखा बाजार



इस बार बाजारों में प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पटाखा मार्केट में केवल प्रमाणित ग्रीन कैकर्स ही बेचे जा रहे हैं। यह पटाखे पारंपरिक पटाखों की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत कम नाइट्रोजन ऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड छोड़ते हैं। असली ग्रीन पटाखों की पहचान के लिए पैकेट पर सीएसआईआर-एनईईआर आई का विशेष लोगो और क्यूआर कोड है। इसे ग्राहक स्कैन करके असली-नकली की जांच कर रहे हैं। बच्चों के लिए इस बार बिना धुएं वाली फुलझड़ी, पॉप-पॉप और रंग-बिरंगी मैजिक पेंसिल खूब आकर्षित कर रही हैं।

पानी से जलने वाले सेंसर दीये



इलेक्ट्रॉनिक्स बाजारों में इस बार भारतीय और आकर्षक डिजाइनर लाइट्स का दबदबा है। स्मार्ट एलइडी लाइट्स में इस साल ब्लूटूथ और रिमोट से चलने वाली पिक्सेल एलइडी लाइट्स युवाओं की पहली पसंद बनी हुई है। वहीं डिजाइनर दीये की बात करें, तो बाजार में पानी से जलने वाले सेंसर दीये, क्रिस्टल लटकन लाइट्स और रंग-बिरंगे घूमते हुए एलइडी बल्ब 50 से लेकर 1000 की रेंज में सजाया गया हैं। लोकल फॉर वोकल दुकानदारों का मत है कि वाहक इस बार विदेशी सामानों की जगह टिकाऊ और भारतीय मेक इन इंडिया लाइट्स को ज्यादा प्राथमिकता दे रहे हैं।

देश के विकास में युवाओं की भूमिका अहम : अमर





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीएमडी महाविद्यालय में आयोजित विकसित भारत यूथ कन्वेंशन के अंतर्गत युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि आज का युवा अपनी प्रतिभा, नवाचार और संकल्प के साथ देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। युवाओं की यही ऊर्जा, सकारात्मक सोच और राष्ट्र के प्रति समर्पण वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की सबसे बड़ी ताकत है। युवा संवाद के दौरान युवाओं की भूमिका, उनके समक्ष उपस्थित चुनौतियों, कौशल विकास, रोजगार, मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक जिम्मेदारी तथा राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए गए। वर्तमान समय में पढ़ाई, करियर, प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार की अनिश्चितताओं के कारण युवाओं में मानसिक तनाव बढ़ने की चुनौती सामने आ रही है। सोशल मीडिया की आभासी दुनिया और दूसरों से लगातार तुलना भी युवाओं के आत्मविश्वास को प्रभावित कर सकती है।

युवाओं को संदेश दिया गया कि वे भविष्य की अनावश्यक चिंता में अपनी ऊर्जा व्यर्थ करने के बजाय वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करें, अपनी क्षमताओं को पहचानें और निरंतर प्रयास करते रहें। प्रत्येक व्यक्ति की सफलता की यात्रा अलग होती है, इसलिए अपनी प्रगति की तुलना दूसरों से करने के बजाय स्वयं को बेहतर बनाने का प्रयास करना चाहिए। युवाओं को कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। कहा गया कि बदलते दौर में केवल सरकारी नौकरी की प्रतीक्षा करने के बजाय युवाओं को स्वरोजगार, स्टार्टअप, स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्यम और रोजगार सृजन की संभावनाओं पर भी ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर सीएमडी कालेज के चेयरमेन संजय दुबे, प्रिसिंपल संजय सिंह सहित कालेज के स्टाफ व बड़ी संख्या में युवा मौजूद थे।

बुक कवर डिजाइन स्पर्धा

डीपीएस के नर्मदा सदन ने मारी बाजी तीनों शीर्ष स्थानों पर जमाया कब्जा

दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिलासपुर में पाठ्येतर शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, कल्पनाशीलता एवं कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बुक कवर डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी मौलिक सोच, कल्पनाशक्ति एवं रंगों के सुंदर संयोजन से आकर्षक और रचनात्मक पुस्तक आवरण तैयार कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में नर्मदा सदन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तीनों स्थानों पर कब्जा जमाया।

नर्मदा सदन की जीविषा सिंह ने प्रथम स्थान, तन्वी ओरांव ने द्वितीय स्थान तथा स्वस्तिक बेहार ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने सदन को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता की विशेषता यह रही कि विद्यार्थियों ने निर्धारित पुस्तकों के पारंपरिक आवरण से हटकर अपनी मौलिक कल्पना एवं रचनात्मक दृष्टिकोण के आधार पर नए और आकर्षक मुखपृष्ठ तैयार किए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत कलात्मक अभिव्यक्ति, रंगों का संयोजन एवं नवीन विचार अत्यंत प्रशंसनीय रहे। विद्यालय के प्राचार्य जसपाल सिंह ने सभी प्रतिभागियों के रचनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, नवाचार एवं सृजनात्मक सोच विकसित करने का सशक्त माध्यम बनती हैं। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी ऐसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

माया शर्मा, संगीता उपाध्याय एवं लक्ष्मी पांडे मैडम ने निर्णायकों की महती भूमिका निभाई। कार्यक्रम संयोजिका अल्पना मजूमदार के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता एवं कलात्मक कौशल का उत्कृष्ट परिचय दिया।

'जीवन में सबसे बड़ा पुनीत कार्य किसी के जीवन को गढ़ना'

बिलासपुर। डीपी विप्र महाविद्यालय में विश्वविद्यालयीन स्तरीय 'साइनेक्स मिलेनियम' का शानदार रजत जयंती समारोह में विद्यार्थियों के कौशल क्षमता को लेकर 25वां वर्ष पूर्ण कर रहा है। जिसमें महाविद्यालय सहित 27 कॉलेज के 104 मॉडल और महाविद्यालय से 818 मॉडल सहित कुल 922 मॉडल के साथ 2776 छात्र-छात्राओं के मॉडल द्वारा इस कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा, वैज्ञानिक सोच, नवाचार तथा रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अमर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अटल श्रीवास्तव,



अनुराग शुक्ला, प्राचार्य डॉ एमएस तम्बोली, साईनेक्स प्रभारी डॉ निधिश चौबे एवं एल्युमिनी कमेटी के अध्यक्ष अविनाश सेठी की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल ने महाविद्यालय के इस साईनेक्स मिलेनियम में 25 वर्ष पूर्ण होने एवं लिम्का बुक में सर्वाधिक मॉडल का नाम दर्ज होने पर महाविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि जीवन में सबसे बड़ा पुनीत कार्य है किसी का जीवन गढ़ना। जीवन गढ़ने की परिभाषा समय, काल के अनुसार परिवर्तित होते रहता है। अटल श्रीवास्तव ने अपने कहा कि महाविद्यालय में विज्ञान, कला एवं वाणिज्य के विद्यार्थियों को शोध मॉडल एवं इनोवेशन के लिए सफल मंच मिलता है यह बहुत गौरव की बात है। नवीन विचार एवं खोजों के द्वारा युवा वर्ग राष्ट्र के विकास में भागीदार होकर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते है। अनुराग शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि डी. पी. विप्र महाविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उनकी प्रतिभा और कौशल के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा साईंस एक्जीबिशन पत्रिका का विमोचन किया गया है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा हांडा एवं आभार डॉ किरण दुबे द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ मनीष तिवारी, सीमा पाण्डेय, दीपक सिंह,गोविंद सेठी, जीतू ठाकुर, शिवा गेंदले, विनय अग्रवाल समस्त प्राध्यापकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

स्पोर्टर्स न्यूज

नारायणपुर और जशपुर ने मैच जीते

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 14 प्लेट ग्रुप वनडे इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आज बिलासपुर ब्लू ने अपना दूसरा मैच जशपुर के मध्य राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में खेला। टॉस के दौरान बिलासपुर के सीनियर खिलाड़ी नारायण आवटी और द्वारा सिक्का उछाल टॉस प्रक्रिया पूर्ण कराया गया। नारायण आवटी जी पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया और सभी खिलाड़ियों अच्छे से खेलने और भविष्य में अच्छे करने के लिए कहा। टॉस के पश्चात बिलासपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 28 ओवर में 88 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। जिसमें शौर्य लहरे ने 17 रन और अवनीश शुक्ला ने 12 रन बनाए। जसपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए आरव कुमार रवि ने शानदार 5 विकेट प्राप्त किए। देवांश गोयल ने 2 विकेट प्राप्त किए। इसके बाद 89 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए



अंडर-14 प्लेट ग्रुप वनडे इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता

30.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 92 रन बना लिए और 5 विकेट से यह मैच जीत लिया और 4 अंक प्राप्त कर लिये। जशपुर की ओर से हर्षवर्धन यादव और विराट यादव ने 27 रन बनाए और प्रतीक यादव ने 18 रनो का योगदान दिया। जसपुर की ओर से विनायक उपाध्याय, वेदांत यादव, अवनीश शुक्ला और सारांश अग्रवाल ने एक एक विकेट प्राप्त किए। मैच के निर्णायक विशाल सिंघानिया और शैलेश उपाध्याय, ऑब्जर्बर राजेश शुक्ला स्कोरर महेश दत्त मिश्रा थे। बिलासपुर ब्लू के कोच सुशांत शुक्ला, एस जावेद और नावेद अली है। इसके अलावा रेलवे मैदान में कवर्धा बनाम नारायणपुर के मध्य मैच खेला गया। जिसमें कवर्धा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30.4 ओवर में 69 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें पृथ्वी राज ने 19 और लक्ष्य राज ने 15 रनों का योगदान दिया। मैच के दौरान विंटेश अग्रवाल, नवीन जाजोदिया, देवेंद्र सिंह उपस्थित थे। यह सभी जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर सचिव देवेन्द्र सिंह द्वारा दिया गया।

बैडमिंटन में सीएमडी कॉलेज का दबदबा

सीएम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित सेक्टर स्तरीय अंतरमहाविद्यालयीन बैडमिंटन प्रतियोगिता में मेजबान महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों वर्गों में विजेता बनने की इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल रहा। प्रतियोगिता में सी.एम. दुबे महाविद्यालय की पुरुष एवं महिला टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वी टीमों को पीछे छोड़कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, एलसीआईटी कॉलेज की टीम ने दोनों वर्गों में उपविजेता स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के शासी निकाय अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, नियमित अभ्यास, अनुशासन और सामूहिक



पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में हासिल किया प्रथम स्थान

प्रयास का परिणाम है। खेल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा संघर्ष करने की भावना विकसित करते हैं। एक - दो से सीएमडी कॉलेज विजेता पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी धीरज खत्री, ढोलेश डाकसेना, तुषार केसरवानी, आदित्य पांडे,भावेश कुमार सिंह, आर्यन सिंह, इन्होंने जीत हासिल की महिला विजेता रही रौनल सोनी, श्रेया शुक्ला,चंचल कौशिक, रेशमा, दीपिका महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय सिंह ने खिलाड़ियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खेलों में निरंतर अभ्यास और समर्पण से ही उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त होते हैं।

इस अवसर पर उपप्राचार्य डॉ के के शुक्ला, जी पी साहू, अरविंद प्रताप सिंह, आलोक शर्मा, आलोक चौरसिया,राजेश सिंह, शोभाराम टाइगर, निमेष प्रताप सिंह, ज्योति यादव, डॉ. नीलू कश्यप, रोहित लहरे, दीपक सेठ सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं कर्मचारी मे विजय यादव, राम कुमार, अजय भागत, शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

भरारी दर्रीपारा में अखण्ड नवधा रामायण प्रारंभ

मस्तूरी। विकास खंड के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत भरारी दर्रीपारा में मंगलवार से श्री अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान किया जाएगा। 27 अक्टूबर से 05 नवंबर तक आयोजित इस आयोजन के पहला दिन गाने बाजे, फटाके के साथ भव्य रूप से कलश यात्रा रामायण पंडाल दर्रीपारा से ग्राम पंचायत भरारी के जीवनदायनी लीलागर नदी पहुंचे जहां से जल भरकर गांव के मुख्य गलियों से गुजरते हुए कलश यात्रा पुनः रामायण पंडाल पहुंचे। इस दौरान गांव के माता, बहनों के साथ ग्रामवासी शामिल रहे, कलश यात्रा के पश्चात आचार्य द्वारा विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के साथ ही अन्य अनुष्ठान संपन्न कराया और श्री अखण्ड नवधा रामायण का शुभारंभ किया।



हर्ष का राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चयन

सकरी। विद्या भारती एवं सरस्वती शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित क्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सकरी शिशु मंदिर के छात्र हर्ष बांधेकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के आधार पर उनका चयन अखिल भारतीय राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 25 सितंबर को मध्य क्षेत्र, छतरपुर में किया गया था। इसमें भैया हर्ष बांधेकर, पिता मनोज बांधेकर, ने 110 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 31 अक्टूबर से 4 नवंबर तक गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में किया गया है, जिसमें हर्ष अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।



किसानों के हित में लिए गए निर्णयों का स्वागत

तखतपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में किसानों के हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, जिला बिलासपुर ने स्वागत किया है। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत गुरूजी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों की समृद्धि, कृषि विकास एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने, 27.50 लाख से अधिक किसानों से धान खरीदी करने तथा 3100 प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य प्रदान करने का निर्णय प्रदेश के अन्नदाता किसानों के लिए बड़ी सौगात है।



डड़सेना कलार समाज के उपाध्यक्ष बने अशोक



लोरमी। मुंगेली जिला डड़सेना कलार समाज की कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें लोरमी के उपाध्यक्ष डॉक्टर अशोक जायसवाल को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। समाज में विभिन्न दायित्वों के लिए गजेंद्र जायसवाल को जिला अध्यक्ष, गंगा राम जायसवाल को संयोजक, टीका राम जायसवाल को लोरमी परिक्षेत्र अध्यक्ष, अजय कुमार जायसवाल को संरक्षक और भारती जायसवाल को महिला जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार सोहन डडसेना पार्षद, कुलभूषण जायसवाल, ईश्वर जायसवाल, अजय जायसवाल, शिक्षक पवन जायसवाल, संतोष जायसवाल, श्याम जायसवाल न्याय प्रकोष्ठ, रामकुमार जायसवाल कोषाध्यक्ष, एवं कमलेश जायसवाल को भी संगठन में जिम्मेदारी सौंपी गई है। पदाधिकारियों ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को समाज की एक जुटता संगठनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने में योगदान देने को कहा।

बिल्हा को मिली 30 करोड़ की सौगात

धरमलाल ने किया झाल से नगपुरा सड़क का भूमिपूजन

ग्रामीण कनेक्टिविटी और विकास को मिलेगी नई रफ्तार: कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने विकासखंड बिल्हा अंतर्गत झाल से नगपुरा मार्ग पर 30 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण से लंबे समय से चली आ रही ग्रामीणों की मांग पूरी होने जा रही है।

इस अवसर पर श्री कौशिक ने कहा कि यह सड़क केवल सड़क नहीं, बल्कि विकास की धुरी बनेगी। इस सड़क के बन जाने से झाल, बुंदेला, कया, सेंवार, कड़ार ,धमनी सहित आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों का आवागमन सुगम होगा। यह सड़क जिला बलौदा बाजार को बिलासपुर शहर से जोड़ती है जिससे आस पास के सैकड़ो लोगो का दूसरे शहरों से कनेक्टिविटी बढ़ेगी। किसानों को अपनी उपज मंडी तक ले जाने में आसानी होगी, विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज जाने में सुविधा होगी और आपात स्थिति में स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच भी तेज होगी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण विकास कार्य की स्वीकृति प्रदान करने एवं क्षेत्रवासियों को यह ऐतिहासिक सौगात देने हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, लोक निर्माण मंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया।



सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

श्री कौशिक ने नगर पालिका परिषद बोदरी के वार्ड क्रमांक 5 में परशुराम भवन के पास 23 लाख की लागत से होने वाले सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। ब्राह्मण समाज द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग के अनुरूप इस सामुदायिक भवन का निर्माण सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह भवन सामाजिक एकजुटता एवं आपसी सौहार्द्र को भी सुदृढ़ करेगा।

विकास की रफ्तार तेज

श्री कौशिक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ में विकास की रफ्तार तेज हुई है। विष्णु देव साय सरकार गांव, गरीब, किसान और जवान सभी वर्गों के हित में लगातार काम कर रही है। सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदूर ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। बिल्हा विधानसभा में पिछले कुछ महीनों में करोड़ों के विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं, जो हमारे संकल्प को दर्शाता है।

मील का पत्थर

उन्होंने कहा कि झाल से नगपुरा मार्ग के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर होने के साथ-साथ क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। यह कार्य क्षेत्रवासियों की सुविधा एवं क्षेत्र की प्रगति की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। भूमिपूजन कार्यक्रम में क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, जनपद सदस्य, सरपंच, भाजपा मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ कार्यकर्ता, ग्रामवासी एवं पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनें आज रखेंगी करवा चौथ का व्रत

तखतपुर। पति की दीर्घायु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिए मनाए जाने वाले करवा चौथ पर्व को लेकर अंचल में उत्साह का माहौल है। करवा चौथ पर सुहागिन महिलाएं व्रत रखेंगी। पर्व को लेकर महिलाएं तैयारियों में जुटी हुई हैं। बाजारों में भी त्योहार की रौनक दिखाई देने लगी है।

करवा चौथ के मद्देनजर महिलाएं पूजा सामग्री, करवा, छलनी, दीपक, मिठाई, फल एवं श्रृंगार की वस्तुओं की खरीदारी कर रही हैं। साड़ी, चूड़ी, मेहंदी, बिंदी और सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों पर भी महिलाओं की चहल-पहल बढ़ गई है। महिलाएं नए परिधान और श्रृंगार की तैयारियों में जुटी हैं।करवा चौथ भारतीय संस्कृति में दांपत्य प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक माना जाता है।

इस दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर विधि-विधान से भगवान गणेश और माता करवा की पूजा करती हैं तथा रात्रि में चंद्रमा के दर्शन कर अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण करती हैं।पर्व को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। घरों में भी पूजा की तैयारियां की जा रही हैं। करवा चौथ से महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगी।

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत की पत्रवार्ता

कांग्रेस ने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर बोला हमला



पेंड्रा। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला प्रेस क्लब भवन में वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त छत्तीसगढ़ प्रभारी नवज्योति पटनायक, बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेश पाण्डेय, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ग़ज़मती भानु, मरवाही के पूर्व विधायक डॉक्टर केके ध्रुव, कोटा विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी, पुष्पराज सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश बंका, रमेश साहू, वीरेंद्र बघेल और गुलाब राज सहित जिला कांग्रेस कमेटी के प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी नवज्योति पटनायक ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने चुनावी प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं को उजागर करने के लिए लगातार निर्वाचन क्षेत्र स्तर के आंकड़े और चुनावी तुलना जनता के सामने रखी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वोट चोरी का मुद्दा केवल मौजूदा एसआईआर प्रक्रिया तक सीमित नहीं है, बल्कि कांग्रेस ने मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने और हटाने, दोहरे पंजीकरण, चुनाव संबंधी आँकड़ों में पारदर्शिता, ईवीएम तथा वीवीपीएटी की कार्यप्रणाली और चुनाव आयोग के आचरण पर लगातार गंभीर सवाल उठाए हैं। प्रेस वार्ता में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े 2023 के कानून पर भी कड़ा विरोध जताया गया। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर तक गांवों में चौपालों का आयोजन किया जाएगा तथा नवंबर में रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के साथ एक विशाल राष्ट्रीय रैली का आयोजन होगा।

नन्हे छात्रों ने चलाया ई-वेस्ट जागरूकता अभियान

बिल्हा। संकुल कन्या बिल्हा के अंतर्गत संचालित जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा द्वारा ई-वेस्ट जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य नगरवासियों को ई-कचरे के सुरक्षित संग्रहण, पृथक्करण और उसके वैज्ञानिक निस्तारण के प्रति जागरूक करना था। शाला के नन्हे विद्यार्थियों ने हाथों में तख्ती और जागरूकता संदेश वाले पोस्टर लेकर पूरे बिल्हा नगर का भ्रमण किया।

रैली के दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर निर्माण, चित्रकला और नुक्कड़ नाटक जैसी विभिन्न आकर्षक गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। बच्चों द्वारा पर्यावरण के प्रति दिखाई गई इस अनूठी जागरूकता और उत्साह की नगर के गणमान्य नागरिकों व स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की गई। इस सफल आयोजन में शाला के प्रधान पाठक साधराम मरकाम एवं पुनीराम साहू, इको क्लब प्रभारी कलेश्वर साहू, शिक्षिका श्वेता केशरी, नीलम सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और नगरवासी उपस्थित रहे।



गर्ल्स स्कूल में ई-वेस्ट संग्रहण जागरूकता कार्यक्रम



तखतपुर। पर्यावरण संरक्षण एवं इलेक्ट्रॉनिक कचरे के सुरक्षित निपटान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर में ई-वेस्ट संग्रहण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ई-वेस्ट संग्रहण के साथ छात्राओं के लिए रंगोली एवं ड्राइंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं । विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल शासन या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम में सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत जायसवाल एवं उत्तम वस्त्रकार ने अपने उद्बोधन में ई-वेस्ट के बढ़ते खतरे और उसके उचित निपटान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। रंगोली एवं ड्राइंग प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और ई-वेस्ट के सुरक्षित निपटान से संबंधित विषयों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रश्मि मिश्रा, बलीराम सूर्यवंशी, आमोद एक्का, पुष्पेंद्र दुबे, गिरधारी वैष्णव, मिनाज खान, कामिनी गुप्ता, मीनाक्षी बनर्जी, मीनाक्षी शर्मा, माहेश्वरी सिन्हा, मयंक यादव, संदीप ध्रुव पारुल यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

बालक हाई स्कूल में लगेंगी पटाखा दुकानें

तखतपुर। नगर में इस बार पटाखा दुकानें बालक हाई स्कूल मैदान में लगेंगी। जिसके लिए प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। दीपावली पर्व पर इस बार फटाखा दुकान हाई स्कूल मैदान में लगनी की तैयारीयां शुरू हो गई है पर दो दिन के मौसम खराब होने के कारण बारिश के चलते बन रही दुकानों में बाधा आ गई है।

बारिश होने के कारण आज ही मैदान पूरा गीला हो गया जिससे व्यापारियों ने दुकानों की लाटरी दूसरे सुरक्षित स्थान पर निकाली गई। इस बार लगभग 43 दुकानें लगेंगी। अनुविभागीय अधिकारी नारायण गबेल और तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला ने व्यापारियों को सुरक्षा उपायों का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। फायर सेफ्टी के लिए सिलेण्डर और एक बाल्टी पानी, एक एक बाल्टी में रेत प्रत्येक दुकानदार अपनी दुकान के सामने रखेगा। इसके अलावा थाना प्रभारी सतीश साहू ने निर्देश दिए कि फटाखा दुकानों में कैमरे की व्यवस्था के अलावा सुरक्षा पर विशेष ध्यान व्यवसायियों को देना है। बारिश के चलते लगता है कि दुकानें अब लगने में दो दिन लग जाऐंगे। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा विकासखण्ड क्षेत्र में लगने वाले सभी पटाखा व्यवसायीयों को अस्थायी फटाखा लाईसेंस जारी किया गया है।

शिक्षक राजकुमार का दिल्ली में सम्मान

बोदरी। देश की राजधानी दिल्ली में इंटर नेशनल अवार्ड कॉउन्सिल द्वारा आयोजित भारत गौरव प्रतिभा रत्न अवार्ड समारोह में शिक्षक सेजेस पूर्व माध्यमिक शाला कन्या चकरभाठा डॉ. राजकुमार वर्मा को शिक्षण, साहित्य, कला, संस्कृति एवं सामाजिक कार्य में उत्कृष्ट कार्य हेतु भारत गौरव प्रतिभा रत्न अवार्ड से नवाजा गया। इसी क्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्या पीठ वृंदावन धाम मथुरा द्वारा विद्या वाचस्पति सारस्वत स्टार्टअप शिक्षा इंडिया फाउंडेशन द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन नेशनल अवार्ड, त्रेतायुग फाउंडेशन अयोध्या द्वारा इंटरनेशनल टीचर एक्सेलेन्ट अवार्ड, हिन्द ह्यूमैनिटी फाउंडेशन उत्तर पश्चिम दिल्ली द्वारा परम भूषण प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड, जीवरण फाउंडेशन प्रयागराज द्वारा भारत सेवा पुरस्कार एवं अटलबिहारी बाजपेयी सेवा रत्न सम्मान एवं वर्ल्ड कल्चरल एंड एजुकेशनल आर्गेनाईजेशन केडी ब्लॉक 225 पिथमपुरा कोहट इन्क्लेव मेट्रो स्टेशन दिल्ली शिक्षण, कला एवं गायकी के क्षेत्र में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

एनटीपीसी के स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टरों ने बांटीं दवाइयां


सीपत। एनटीपीसी की पहल पर 28 अक्टूबर को बस स्टैंड परिसर में स्वास्थ्य एवं दवा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में एनटीपीसी अस्पताल के चिकित्सकों ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्रदान कीं और आवश्यक दवाइयों का वितरण किया। सैकड़ों लोगों ने इस शिविर का लाभ लिया।

शिविर में एनटीपीसी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. राज एवं डॉ. साहिल सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सकों ने शिविर में पहुंचे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया और आवश्यकतानुसार दवाइयां उपलब्ध कराईं। इस दौरान आकाश दुबे, यशवंत वंशकार, अरविंद गुप्ता एवं दीपक उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर के संचालन में सहयोग करते हुए चिकित्सा सेवाओं और दवा वितरण की व्यवस्था में सहभागिता निभाई। डॉ. राज ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और समय पर चिकित्सकीय परामर्श बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। डॉ. साहिल ने कहा कि जरूरतमंदों तक चिकित्सा सुविधाएं और आवश्यक दवाइयां पहुंचाना जनसेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। आकाश दुबे ने बताया कि स्वास्थ्य केवल व्यक्ति की जरूरत नहीं, बल्कि स्वस्थ और सशक्त समाज की बुनियाद है। समय पर स्वास्थ्य परामर्श और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध होने से लोगों को काफी सहूलियत मिल सकती है। इसलिए जरूरी है कि स्वास्थ्य सेवाएं अधिक से अधिक लोगों तक सहजता से पहुंचें और हर व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे। एनटीपीसी सीपत के चिकित्सकों और सहयोगियों की सहभागिता से आयोजित यह शिविर स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित करता है



निधन

वनमाली गंगाधर अभ्यंकर



बिलासपुर। रेलवे के सेवानिवृत्त वनमाली गंगाधर अभ्यंकर का 28 अक्टूबर को रायपुर के कुशालपुर में निधन हो गया। वे 86 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार रायपुर के बूढ़ा तालाब स्थित मारवाड़ी श्मशान गृह में किया गया। वे अपने पीछे पुत्र गणेश अभ्यंकर, पुत्रवधू गायत्री अभ्यंकर, पुत्री सरोज देवधर एवं स्मिता वेलणकर सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

मालती देवी



बिलासपुर। राजेंद्र नगर बजरंग अखाड़ा के पास रहने वाली मालती देवी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे भाजपा नेता नारायण तावड़कर की धर्मपत्नी, अरुण एवं आनंद तावड़कर की माता, अनिल व डॉ अजय तावड़कर की बड़ी मां थीं।

धूमधाम से मनाई गई गुरु महाराज अजमीढ़ की जयंती

पेंड्रा। स्वर्णकार समाज के आदि गुरु महाराज अजमीढ़ की जयंती पर पेंड्रा में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वर्णकार समाज के महिला, पुरुषों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आदि गुरु महाराज के प्रति श्रद्धा एवं आस्था व्यक्त की। समारोह का शुभारंभ सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ। सुंदरकांड की भक्तिमय प्रस्तुति से पूरा वातावरण आध्यात्मिक हो गया और उपस्थित श्रोतागण भक्ति रस में मंत्रमुग्ध नजर आए। इसके पश्चात समारोह में शामिल समाज के सभी लोगों का पीतांबरी वस्त्र एवं माला पहनाकर आत्मीय स्वागत और सम्मान किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों की कड़ी में विधि-विधान से हवन संपन्न कराया गया। इसके पश्चात समाज के लोगों ने आदि गुरु महाराज अजमीढ़ जी की आरती कर सुख, शांति, समृद्धि और समाज की उन्नति की कामना की। पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रमों के बाद सभी समाजजनों ने सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण किया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का सुंदर संगम देखने को मिला। समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए जयंती समारोह को सफल बनाया। सामूहिक भोजन के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।



आम सूचना

भारतीय भगीदारी अधिनियम 1932 की धारा 72 के अधिन सुचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है की हमारी फर्म में. माताश्री बिल्डकॉन, पंजीयन क्रमांक 222201924382 दिनांक 26.06.2019 द्वारा पंजीकृत फर्म है। जिसमें भागीदार श्री अनिल कुमार अग्रवाल पिता स्व. श्री श्याम लाल अग्रवाल, श्री मनीष बगड़िया पिता श्री पूरन चंद अग्रवाल, श्रीमती सोनिया बगड़िया पति श्री राघव बगड़िया एवं श्रीमती अल्का बगड़िया पति श्री सुदीप बगड़िया है। दिनांक 31.03.2026 [व्यावसायिक समय के बाद] से श्री अनिल कुमार अग्रवाल, पिता स्व श्री श्याम लाल अग्रवाल फर्म से रिटायर हो गए है।

तदनुसार सुचना जाने
भवदीय
मे. माताश्री बिल्डकॉन
श्री मनीष बगड़िया (भागीदार)
बिलासपुर (छ.ग)

न्यायालय नायब तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
राजस्व मामले मे नोटिस
रा.प्र.क्र. /अ-63अ/2026
ग्राम दर्री प.ह.नं. 05
तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

प्रति,
1. रामलाल पिता गुलाब 2. महंत कृष्णकुमार दास पिता स्व.महंत जगन्नाथ दास 3. अजय कुमार स्व.महंत जगन्नाथ दास निवासी ग्राम दर्री तह. तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.
रामगोपाल वैष्णव **विरूद्ध** छ.ग. शासन वगै. एतद् द्वारा आवेदक रामगोपाल वैष्णव पिता स्व.बहादुर वैष्णव जाति वैष्णव निवासी करगीखुर्द तह. कोटा जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम दर्री प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. विजयपुर तह.तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 467 रकबा 0.202 हे. भूमि स्थित है, जो कि आवेदक एवं उसके सहखातेदारो के संयुक्त स्वामित्व की भूमि है, जिसमे से रकबा 0.18 ए. भूमि के आनलाईन राजस्व रिकार्ड में अनावेदकगण के नाम पर दर्ज हो गया है, जिसे सुधार कर आवेदक के द्वारा अपने तथा अपने सहखातेदारो के संयुक्त नाम पर दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उपरोक्त अभिलेख दुरूस्ती के संबंध में मेरे न्यायालय में दिनांक 13/11/2026 को दिन 10:30 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें अनुपस्थित रहने पर आप लोगो के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।
आज दिनांक 21/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
नायब तहसीलदार तखतपुर
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
सूचना
क्रमांक/60/ सीमांकन/रा.नि./2026
बिलासपुर दिनांक 26/10/2026
प्रति, 1. आवेदक मनीष दीक्षित पिता स्व.जगदीश प्रसाद दीक्षित आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. गोकुल 3.रंजन दता 4.अनिल शर्मा 5.मनराखन 6.सिद्धी देवी 7.संतकुमार सा.मोपका 8. परिवेश दीक्षित सा.गोलबाजार बिलासपुर 9.नारायण प्रसाद पिता बेबीराम 10.शिल्पा शर्मा पति स्वपनिल शर्मा सा.मंगला 11.प्रकाश गुप्ता पिता हेमप्रकाश सा. 12. निधी गुप्ता पति दीपक गुप्ता सा. बिलासपुर एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।
विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह. / ना.तह./वा. 2026 बिलासपुर, दिनांक 26/10/2026
ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 554 रकबा 0.304 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक मनीष दीक्षित निवासी सिटी कोतवाली चौक के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 31/10/2026 को समय 10:00 से 5.00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
राजस्व निरीक्षक
मोपका बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार
मेरे मुवकिल बुधेश्वर परगनिया पिता श्री गंगाराम परगनिया निवासी ग्राम रसेड़ा तहसील व जिला बलौदाबाज़ार भाटापारा छ.ग का निवासी है के द्वारा ग्राम विद्याडीह (टांगर) तहसील पचपेड़ी जिला बिलासपुर छ.ग की भूमि स्वामी प्रसन्नजीत पिता समेंद्रनाथ दास खसरा नंबर 77/1, 79, 109/2 रकबा 0.12 एकड़ 0.12 एकड़ 0.22 एकड़ कुल 0.46 एकड़ ऋण पुस्तिका क्रमांक - 1044051 को दोनों के बीच क्रय विक्रय का सौदा हुआ है, और बयाना दिया गया है। निकट भविष्य में रजिस्ट्री होने वाला है जिस किसी भी सज्जन, शासकीय, अर्धशासकीय बैंक, या अन्य किसी व्यक्ति को आपत्ति होगा, तो 7 दिवस के भीतर में अधिवक्ता या क्रेता बुधेश्वर परगनिया से आपत्ति दावा कर सकते है। उसके पश्चात दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।
भवदीय
सी.एस. जांगडे.
(अधिवक्ता)
तहसील कार्यालय मस्तुरी
जिला बिलासपुर (छ.ग)
मो. 9826375845

समक्ष :- श्रीमान नोटरी महोदय बैकुन्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)
-:: शपथपत्र (उपाधि प्रमाण पत्र गुमने बावत)::-
मै चित्रलेखा आ0 ध्यान सिंह श्याम आयु 30 वर्ष जाति गोड़ निवासी ग्राम मरवाही थाना व तह0 मरवाही जिला जी0पी0एम0 (छ0ग0) की निवासी हूं जो कि निम्नांकित कथन शपथपूर्वक करती हूं :-
यह कि, मैनें सत्र 2020 में पी0एच0डी0 कृषि महाविद्यालय ग्वालियर राजमाता विजिया राजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर (म0प्र0) से नियमित छात्रा के रूप में अध्ययनरत परीक्षा उतीर्ण की हूँ।
यह कि मुझे उतीर्ण परीक्षा की उपाधि प्रमाण पत्र महाविद्यालय से प्राप्त हुआ था उक्त उपाधि प्रमाण पत्र कही गुम गई ढूढने पर नही मिला और भविष्य में उसके मिलने की कोई सम्भावना नहीं है।
यह कि भविष्य में मुल प्रति उपाधि प्रमाण पत्र प्राप्त होती है तो मैं उसे यथावत संस्था में जमा कर दूंगी।
यह कि कृपा करें शैक्षणिक संस्था द्वारा जारी मुल उपाधि प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति की मुझे आवश्यकता है जिसके लिए मैं यह शपथ पत्र दे रही हूँ जिसके सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।
हस्ता. शपथकर्ता
-:: सत्यापन::-
मैं चित्रलेखा आ0 ध्यान सिंह श्याम सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से लगायत 04 तक की कथन मेरे स्वतः की जानकारी से सत्य व सही है। आज दिनांक 28.10.2026 को स्थान बैकुंठपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।
हस्ता. शपथकर्ता

न्यायालय नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)
समंस/नोटिस
श्रीमति सिन्दू बाई वगैरह ..... वादीगण
// बनाम //
आम जनता (जिनका हित हो) व अन्य. प्रतिवादीगण
प्रोसेस नंबर - 656/26
एम.जे.सी. (सिविल) नं. 321-ए/2026
पेशी दिनांक -27.11.2026
बनाम:- आम जनता, जिसका इससे संबंध हो।
आम जनता को सूचित किया जाता है कि वादीगण के द्वारा इस न्यायालय में मोहल्ला गोड़पारा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में नजूल सम्पति शीट नंबर 31, प्लाट नंबर 32/1, 103/4, रकबा 2869 वर्गफुट मकान के सह-खातेदार प्रदीप कुमार उर्फ लख्खू सोनी के सिविल मृत्यु की उपधारणा की घोषणा बाबत व्यवहार वाद पेश किये है, जो सुनवाई हेतु दिनांक 27.11.2026 को नियत है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/निकाय/बैंक आदि को इस व्यवहार वाद में अपनी दावा/आपत्ति करनी हो तो वह स्वयं या अपने किसी प्लीडर के माध्यम से पेशी दिनांक 27.11.2026 को इस न्यायालय में दिन के 11.00 बजे उपस्थित हो सकते है और इस दिन को अपना दावा/आपत्ति या जो भी दस्तावेज पेश करना

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने दी रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति



बिलासपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैमा नगोई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बहुउद्देशीय रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत मुख्य अतिथि डॉ मनोज सिन्हा ने ईमानदारी, भ्रष्टाचार से मुक्ति की शपथ दिलाई। प्राचार्य सविस कुमार कश्यप ने मुख्य अतिथि डॉ सिन्हा का अभिनंदन किया। इस अवसर डॉ सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार नागरिक बनाती है और उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पर्यावरण को ई कचरा से बहुत खतरा है इसका उचित प्रबंधन आवश्यक है। इस अवसर पर बैमा नगोई की ईको क्लब द्वारा भी ई कचरा प्रबंधन के संबंध में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किया। जिसमें व्याख्याता प्रताप पटेल ने ई कचरा प्रबंधन के संदर्भ में जानकारी दी। 11वीं कक्षा के छात्र समीर ने भाषण दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं, शारदा, भगवती सपना, सोनिया, रोशनी,वर्षा, आंचल, दुर्गा ने शानदार लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन रितेश शुक्ला ने तथा आभार प्रदर्शन रंजना दुबे ने किया।

डॉ. गिरधारी पुनः बने थावे विद्यापीठ के उप कुलसचिव



बिलासपुर। साहित्यकार एवं लेखक डॉ. गिरधारी लाल अग्रवाल को कला, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में कार्यरत थावे विद्यापीठ, गोपालगंज में पुनः उप कुलसचिव नियुक्त किया गया है। उनके पूर्व कार्यकाल के अनुभव और साहित्यिक एवं सांस्कृतिक योगदान को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। नियुक्ति की घोषणा हरिद्वार के कनखल स्थित परमार्थ ज्ञान मंदिर में आयोजित विद्यापीठ के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान की गई। विद्यापीठ के कुलाधिपति डॉ. स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज, कुलपति डॉ. विनय कुमार पाठक, समकुलपति डॉ. जे.बी. पाण्डे और कुलसचिव डॉ. पी.एस. दयालयति ने नियुक्ति की घोषणा की। बैठक में डॉ. अग्रवाल के नाम पर सर्वसम्मति से उप कुलसचिव पद के लिए चयन का निर्णय लिया गया था। विद्यापीठ प्रबंधन के अनुसार डॉ. अग्रवाल के साहित्यिक और सांस्कृतिक अवदान तथा पूर्व कार्यकाल के अनुभव को ध्यान में रखते हुए यह नियुक्ति की गई है। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में आचार्य विनोबा भावे के सिद्धांतों पर संचालित संस्था आचार्यकुलम के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आचार्य धर्मेंद्र तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिवेशन के दौरान विभिन्न प्रतिभागियों को विद्या वाचस्पति और विद्यासागर की उपाधियां भी प्रदान की गईं।

यादव महासभा छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय



बिलासपुर। अखिल भारतीय यादव महासभा की बिलासपुर इकाई की बैठक अंबिकापुर में आयोजित की गई। महासभा के अखिलेश यादव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डी आर यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष भुनेश्वर यादव ने की। बैठक में संगठन की गतिविधियों के सुचारू संचालन, समाज के अंतिम व्यक्ति तक पदाधिकारियों की पहुंच सुनिश्चित करने और यादव समाज के शैक्षणिक व आर्थिक विकास पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर भुनेश्वर यादव के पिछले कार्यकाल को देखते हुए कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार यादव द्वारा भुनेश्वर यादव को आगामी कार्यकाल के लिए पुनः प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखने का प्रस्ताव रखा जिसे पारित कर राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजने का प्रस्ताव रखा गया। प्रदेश के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों का आगामी कार्यकाल के लिए बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया। अहीर वीरों के सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में 18 नवंबर को पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तर जिला में 'शौर्य दिवस' के रूप में भव्य रूप से मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रदेश पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों के लिए अनिवार्य रूप से कम से कम 05-05 आजीवन सदस्य बनाने का प्रस्ताव पारित किया किया गया। बैठक में द्रौपदी यादव ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और पुरुषों द्वारा उसमें सहयोग देने का आह्वान किया। बैठक में डी आर यादव, रामशरण यादव, राजकुमार यादव, देवधारी यादव, राजेश कुमार यादव, बोधन राम यादव, शोभाराम यादव, डी.आर. यादव, लक्ष्मी यादव, अशोक यादव, हीरालाल यादव आदि मौजूद थीं।

डा. शीला आचार्यकुल की केंद्रीय समिति में कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत



बिलासपुर। शिक्षा, साहित्य, समाजसेवा एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन के क्षेत्र में सक्रिय योगदान के लिए डॉ. शीला शर्मा को आचार्यकुल की केंद्रीय समिति में कार्यकारिणी सदस्य एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी के पद पर मनोनीत किया गया है। साथ ही उन्हें विनोबा भावे स्मृति सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान एवं नवीन दायित्व उनके सामाजिक, शैक्षिक और साहित्यिक योगदान के प्रति सम्मान का प्रतीक है। 25 अक्टूबर को हरिद्वार में आयोजित आचार्यकुल केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल सम्मेलन में यह सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. शीला शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहते हुए समाज में मानवीय मूल्यों, महिला सशक्तीकरण, भारतीय संस्कृति तथा हिंदी एवं संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य कर रही हैं। वे आचार्यकुल के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने, शिक्षा एवं संस्कारों को सुदृढ़ करने, युवाओं में नैतिक चेतना विकसित करने तथा विनोबा भावे के विचारों को व्यवहार में उतारने के लिए कार्य करेंगी।

रायपुर, उसलापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल और उमरिया में होगा कामर्शियल स्टापेज

दीपावली और छठ पर्व : दुर्ग-निजामुद्दीन चलेगी 3-3 फेरे के लिए स्पेशल बनकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दीपावली और छठ पर्व में भीड़ को कम करने के लिए रेल प्रशासन स्पेशल के रूप में पहली ट्रेन दुर्ग से निजामुद्दीन के बीच चलाने का आदेश जारी किया है। तीन-तीन फेरे के लिए चलने वाली स्पेशल ट्रेन का स्टापेज रायपुर के साथ उसलापुर, पेण्ड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल और उमरिया स्टेशन में दिया जाएगा, जिसका परिचालन 1 नवम्बर से होगा।

वर्तमान में दीपावली और छठ पर्व मनाने के लिए आने-जाने वाले यात्रियों की भीड़ काफी बढ़ गई है। इसमें बाहर कमाने-खाने और पढ़ाई के लिए गए लोग व छात्रों का भी आना-जाना शुरु हो चुका है। इसकी वजह से ट्रेनों में कंफर्म बर्थ की सुविधा नहीं मिल पा रही है। तत्काल के साथ लोग अब दलालों का सहारा लेना शुरु कर चुके हैं। बर्थ की मारामारी के कारण एक टिकिट में पांच के साथ चार वेटिंग और एक कंफर्म के साथ सफर मजबूरी में करना पड़ रहा है। रेलवे प्रतिवर्ष दीपावली और छठ पर्व में भीड़ को देखते हुए एक दर्जन से अधिक स्पेशल ट्रेन के साथ कुछ छोटे स्टेशनो में स्टापेज और अतिरिक्त कोच की सुविधा भी प्रदान कर दी है। दीपावली पर्व को अभी 10 दिन शेष हैं, रेलवे ने अपनी पहली स्पेशल ट्रेन की घोषणा की है। सबसे अधिक भीड़ वाले रूट वाले दो स्टेशनों के बीच एक दुर्ग से निजामुद्दीन तक सफर करने वाले हजारों यात्रियों की संख्या भी है। इस रूट में यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ होती है, जिसके लिए रेल प्रशासन ने दुर्ग से निजामुद्दीन के बीच तीन-तीन फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरु करने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 08751 दुर्ग स्टेशन से प्रति रविवार को 1, 8, 15 नवम्बर को 10.45 बजे रवाना होकर रायपुर से उसलापुर दोपहर 13.20 बजे, पेण्ड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, दूसरे दिन वीरांगन लक्ष्मीबाई झांसी, आगरा केंट, मथुरा होते हुए निजामुद्दीन सुबह 11.10 बजे पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में 08752 निजामुद्दीन से ट्रेन 2, 9, 16 नवम्बर को प्रति शनिवार की दोपहर 12.30 बजे रवाना होकर दूसरे दिन सुबह 9.45 बजे उसलापुर और दुर्ग स्टेशन 13.45 बजे पहुंच जाएगी। ट्रेन में 2 एसएलआरडी, चार जनरल कोच, 11 स्लीपर, दो एसी श्री, एक एसी टू सहित 20 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।



शालीमार-एलटीटी में लगाया गया अतिरिक्त कोच

रेलवे ने शालीमार से एलटीटी के बीच चल रही एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच की सुविधा प्रदान की है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली 18030/18029 शालीमार से एलटीटी और एलटीटी से शालीमार के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी थ्री कोच और एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई है। 18030 शालीमार से चलने वाली ट्रेन में कोच की सुविधा 28 अक्टूबर से एक नवम्बर तक और 18029 एलटीटी से शालीमार के बीच चल रही एक्सप्रेस में 30 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक यात्रियों के लिए दी जाएगी। इसी प्रकार अतिरिक्त स्लीपर कोच शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में 2 से 4 नवम्बर तक और 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में 4 से 6 नवम्बर तक यात्रियों के लिए लगाया जाएगा।

क्रेडाई बिलासपुर प्रॉपर्टी एक्सपो 2026 का भव्य शुभारंभ कल

एक ही छत के नीचे मिलेंगे 40 से अधिक बिल्डर्स

बिलासपुर। शहर के रियल एस्टेट क्षेत्र को नई गति देने और आम नागरिकों को प्रॉपर्टी खरीदने के बेहतर विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्रेडाई बिलासपुर द्वारा आयोजित क्रेडाई बिलासपुर प्रापर्टी एक्सपो 2026 का शुभारंभ 30 अक्टूबर को कुंदन पैलेस, श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर में होगा।

तीन दिवसीय यह आयोजन 30 एवं 31 अक्टूबर तथा 1 नवंबर तक चलेगा। क्रेडाई का नाम हमेशा विश्वास का प्रतीक माना जाता है, इसलिए क्रेडाई मेंबर्स के इस एक्सपो का बिलासपुर को हमेशा इंतज़ार रहता है। एक्सपो में 40 से अधिक बिल्डर्स एवं डेवलपर्स की सहभागिता रहेगी। यहां शहरवासियों को प्लॉट, मकान, दुकान एवं अन्य रियल एस्टेट विकल्पों की जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त होगी। आयोजन का उद्देश्य प्रॉपर्टी खरीदारों और डेवलपर्स के बीच सीधा संवाद स्थापित करना तथा लोगों को उनकी आवश्यकताओं और बजट के अनुरूप विकल्प चुनने में सहायता प्रदान करना है। एक्सपो में प्रॉपर्टी खरीदने के इच्छुक लोगों के लिए आकर्षक ऑफर्स भी प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजकों द्वारा रजिस्ट्री शुल्क पर 50 प्रतिशत की छूट का प्रस्ताव रखा गया है। यह लाभ संबंधित नियमों एवं पात्रता की शर्तों के अधीन होगा। आयोजन में किड्स प्ले ज़ोन और फूड ज़ोन की व्यवस्था भी रहेगी। आयोजन के माध्यम से शहरवासियों को विभिन्न परियोजनाओं की तुलना करने और अपनी जरूरतों के अनुसार निर्णय लेने का अवसर मिलेगा।

बिजनेस प्लस

अमर ने ली भाजपा पदाधिकारियों की बैठक

बिलासपुर। भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले छह मंडलों के मंडल अध्यक्षों, महामंत्रियों, संगठन प्रभारियों एवं सहप्रभारियों की बैठक पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने ली। बैठक में आगामी 31 अक्टूबर शनिवार को बिलासपुर में आयोजित होने वाली 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा' की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बिलासपुर विधानसभा से लगभग 3 हजार लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा विधानसभा के प्रत्येक बूथ से कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।



- 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा' 31 को, शामिल होंगे केंद्रीय राज्यमंत्री खटीक

विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि 31 अक्टूबर शनिवार को दोपहर 2 बजे से 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा' का शुभारंभ गवर्नमेंट स्कूल, गांधी चौक से होगी। पदयात्रा में केन्द्रीय राज्य मंत्री वीरेन्द्र कुमार खटीक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। पदयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नेहरू चौक पहुंचेगी, जहां सभा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पदयात्रा गांधी चौकक स्थित गवर्नमेंट स्कूल से प्रारंभ होकर हटरी चौक, सिटी कोतवाली चौक, गोलबाजार, सदरबाजार, सिम्स चौक, देवकीनंदन चौक एवं पोस्ट ऑफिस होते हुए नेहरू चौक पहुंचेगी। यहां आयोजित सभा में पदयात्रा के उद्देश्यों एवं संबंधित विषयों पर वक्ताओं द्वारा विचार व्यक्त किए जाएंगे। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक मंडल में बूथ स्तर तक संपर्क स्थापित कर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मंडल अध्यक्षों, महामंत्रियों, संगठन प्रभारियों एवं सहप्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में तैयारियों की समीक्षा करने तथा निर्धारित जिम्मेदारियों का समयबद्ध निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़े संगठनात्मक कार्यक्रम की सफलता के लिए बूथ स्तर तक की सक्रियता कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय और बेहतर व्यवस्थाएं महत्वपूर्ण होती हैं। इसी उद्देश्य से बैठक में पदयात्रा के मार्ग, सहभागिता, जनसंपर्क एवं आयोजन की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बिलासपुर विधानसभा से 3 हजार लोगों की भागीदारी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी मंडलों को समन्वित प्रयास करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, जिला कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि, जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल, महेश चंद्रिकापुरे, मनीष शुक्ला, राजेश मिश्रा, मनीष अग्रवाल, जुगल अग्रवाल, प्रबीर सेन गुप्ता, चंद्रप्रकाश मिश्रा, पंकज तिवारी, लक्ष्मीनारायण कश्यप, शैलेन्द्र पाठक, राकेश लालवानी, मनोज सोनी, वैभव गुप्ता, स्नेहलता शर्मा, विजय यादव, संजय अग्रवाल, शेखर पाल, जगदीश साव, नारायण गोस्वामी, मनीष गुप्ता, शशांक तिवारी, अमर राजपूत, देवाशीष दत्ता, साहिल कश्यप, विश्वजीत ताम्रकार, तनुज वोहरा, प्रतिभा मिश्रा, वंदना तिवारी, लोकेश्वरी राठौर, सुमन यादव, सोनम साहू सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

राज्य सलाहकार ने किया स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण



बिलासपुर। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की राज्य सलाहकार मोनिका सिंह ने बिल्हा विकासखंड के ओडीएफ मॉडल ग्राम बिटकुली, पासीद, खम्हारडीह एवं मंगला (प) में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने गांवों में स्वच्छता व्यवस्था, घर-घर कचरा संग्रहण और अपशिष्ट निपटान की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही स्वच्छ एवं कचरा मुक्त गांव बनाने के लिए ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। श्रीमती सिंह ने स्वच्छग्राहियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के अंतर्गत कचरे को चार श्रेणियों सूखा, गीला, सेनेटरी एवं विशेष देखभाल वाले इलेक्ट्रॉनिक कचरे में अलग-अलग रखने की जानकारी दी। श्रीमती सिंह ने घर-घर कचरा संग्रहण में संलग्न स्वच्छग्राही समूहों के सदस्यों से चर्चा कर उनके कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने गांवों में निर्मित सामुदायिक शौचालयों के नियमित उपयोग और स्वच्छता बनाए रखने पर भी जोर दिया।

गेवरा खदान में मानव श्रृंखला से गूँजा 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' का संदेश



बिलासपुर। एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान गेवरा के व्यू प्वाइंट पर मानव श्रृंखला बनाकर एसईसीएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सतर्कता, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 के अंतर्गत गेवरा क्षेत्र में आयोजित संकल्प दिवस का यह विशेष आकर्षण रहा, जिसके माध्यम से प्रतिभागियों ने सत्यनिष्ठा से समृद्धि का संदेश दिया।

- एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में सीएमडी हरीश दुहन ने दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

केंद्रीय सतर्कता आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के क्रम में आयोजित संकल्प दिवस कार्यक्रम में एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, गेवरा क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे। सीएमडी श्री दुहन ने सभी उपस्थितों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होने कहा कि इस वर्ष की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एसईसीएल में विभिन्न जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि तकनीक के माध्यम से हम अपनी कार्यप्रणाली में और अधिक पारदर्शिता एवं दक्षता लाएँ। एक पेड़ सतर्कता के नाम पहल के तहत पौधारोपण किया गया। स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएँ, जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी अधिकारी संघ ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी अधिकारी संघ (महासंघ) द्वारा अपनी लंबित 11 सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए पावर कंपनी प्रबंधन द्वारा उपेक्षात्मक रुख अपनाए जाने से प्रदेश भर में आंदोलन करने का निर्णय लिया था। इसके तहत 9 अक्टूबर को क्षेत्रीय मुख्यालय बिलासपुर में कार्यपालक निदेशक के माध्यम से चेयरमैन को ज्ञापन प्रेषित किया गया। इस पर कोई पहल न होने से आज 23 अक्टूबर को क्षेत्रीय मुख्यालय बिलासपुर में जिलाधीश के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर पावर कंपनी प्रबंधन को निराकरण के निर्देश देने का निवेदन किया गया। इस अवसर पर बिलासपुर क्षेत्रीय ईकाई के अध्यक्ष दिनेश बाजपेयी, सचिव संतोष कुमार शर्मा, ए.ईश्वर राव के साथ ही क्षेत्रीय ईकाई के सदस्य केके शुक्ला, सलीम बेग, सतीश कुमार गुप्ता, राजेन्द्र शर्मा, अनिल शेवालकर, अनुराग श्रीवास्तव उपस्थित थे।

चुनाव आयोग की जवाबदेही को लेकर कांग्रेस चलाएगी अभियान

बिलासपुर। वोट बचाओ देश बचाओ अभियान की जिले में तैयारी और आगे की रणनीति को लेकर मंगलवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक नवज्योति पटनायक ने कांग्रेस भवन में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत मतदाता सूची में गड़बड़ियों नाम काटने की शिकायतें और निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता का मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर उठाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 1 नवंबर को दिल्ली में बड़ा प्रदर्शन होगा, जिसमें से यहां से भी बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल होंगे। एआईसीसी के पर्यवेक्षक नवज्योति पटनायक ने बताया कि कांग्रेस देश के विभिन्न राज्यों में मतदाता सूची से जुड़ी अनियमितताओं को लेकर सवाल उठा रही है। पार्टी नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच मतदाताओं की संख्या में वृद्धि तथा कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में संदिग्ध मतदाता प्रविष्टियों का मुद्दा उठाया था।

एकीकृत सैनिक कल्याण परिसर के विकास का प्रस्ताव प्रस्तुत



बिलासपुर। बिलासपुर में प्रस्तावित एकीकृत सैनिक कल्याण परिसर के विकास को लेकर आज जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा सब एरिया के कमांडर के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया। प्रस्तुतीकरण में प्रस्तावित परिसर के विकास की रूपरेखा रखी गई। यह पहल पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए समर्पित परिसर विकसित करने की दिशा में एक कदम है।

एटीआर का रास्ता बंदः समिति के कर्मचारियों को प्रबंधन दे रहा काम

बिलासपुर। अचानकमार टाइगर रिजर्व का रास्ता बंद होने के बाद जंगल का भ्रमण कराने वाले जिप्सी के चालक और गाइड पूरी तरह से खाली हो जाते हैं, लेकिन उनका भरण पोषण करने के लिए चार माह तक प्रबंधन किसी न किसी तरह का काम कराकर वेतन प्रदान कर किया जा रहा है।



प्रतिवर्ष बारिश के मौसम में एटीआर प्रबंधक शिवतराई के बेरियर को चार माह के लिए बंद कर देती है। इन चार माह के दौरान सैलानियों के लिए मुख्य रूप से कोर जोन का रास्ता ही बंद होता है, जहां टाइगर के अलावा शाकाहारी व मांसाहारी वन्यप्राणियों की संख्या अधिक होती है। कोर जोन में सैलानियों को भ्रमण कराने के लिए निजी समितियों के सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है, जो अपने जिप्सी के जरिए सैलानियों को भ्रमण कराने के साथ उन्हें जगह की जानकारी भी देते हैं। इसके लिए विशेष रूप से समिति का गाइड भी उपलब्ध रहता है। एटीआर में पहुंचने वाले सैलानियों से ही समिति के सदस्यों का भरण पोषण होता है। समिति में महिला सदस्यों की संख्या अधिक रहती है। चार माह यानि जुलाई से लेकर अक्टूबर तक अचानकमार टाइगर रिजर्व का रास्त्त बंद होने के बाद समिति के सदस्यों की होने वाली आवक पर भी असर पड़ता है। इन सदस्यों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसे देखते हुए एटीआर प्रबंधन उनसे जंगल की सुरक्षा कराने के अलावा अन्य कार्यो को भी कराती है।

रमन विवि में एक दिवसीय व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम

मालविका ने शिक्षा में संस्कृति और लोक परंपराओं की भूमिका बताई

बिलासपुर। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में शिक्षा और संस्कृति में कहानी कला एवं विभिन्न कलात्मक विधाओं के महत्व पर एक दिवसीय व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें इंटरनेशनल सेंटर फॉर कल्चरल स्टडीज (आईसीसीएस) की मालविका जोशी ने विद्यार्थियों, शोधार्थियों और प्राध्यापकों से संवाद कर शिक्षा में संस्कृति, लोक परंपराओं और कहानी कहने की कला की भूमिका पर प्रकाश डाला। जोशी ने कहा कि कहानी केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि ज्ञान, अनुभव और संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रभावी साधन है। भारतीय परंपरा में लोककथाओं, आख्यानों, गीतों, चित्रकला और नृत्य के माध्यम से समाज ने अपने मूल्यों और जीवन-दृष्टि को संरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में इन विधाओं को शामिल करने से विद्यार्थियों की रचनात्मकता, संवेदनशीलता और कल्पनाशीलता का विकास होता है। स्थानीय संस्कृति और लोक ज्ञान को आधुनिक शिक्षा से जोड़कर विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ने के साथ वैश्विक दृष्टि भी दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि संस्थान इन शोध पत्रों को प्रकाशित करेगा, जिससे भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी लोककला एवं संस्कृति के संरक्षण, सामुदायिक रेडियो रेडियो रमन के माध्यम से लोगों से संवाद और ग्रामीण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य शिक्षा को समाज से जोड़ते हैं।



शिक्षा को संस्कृति और स्थानीय ज्ञान से जोड़ना समय की जरूरतः कुल सचिव

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि शिक्षा को संस्कृति और स्थानीय ज्ञान से जोड़ना समय की आवश्यकता है। कहानी और लोककला विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, सृजनशीलता तथा सामाजिक समझ विकसित करती हैं। विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपरा और स्थानीय संस्कृति को शिक्षा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में जनसंपर्क अधिकारी किशोर सिंह आदि मौजूद थे।

सेनानी परिवार की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष दीपा का नगर आगमन

बिलासपुर । स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार की राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपा दास अमरकंटक राष्ट्रीय सम्मेलन से भाग लेकर आज सड़क मार्ग से रतनपुर महामाया दर्शन कर नगर आगमन हुआ। यहां से वे आजाद हिन्द ट्रेन से हावड़ा के लिए रवाना हो गईं। उनके साथ सेनानी परिवार की इरा सरकार साथ थी। नगर आगमन पर संस्था की प्रदेश महिला अध्यक्ष डॉ उषाकिरण बाजपेयी, जिला अध्यक्ष डॉ शकुंतला जितपुरे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश बाजपेयी, आर के सोनी, राम नारायण पटेल ने रेलवे स्टेशन पहुंच कर उनका स्वागत किया । अपने संदेश में डॉ दीपा ने कहा सेनानी परिवार की मातृ शक्ति वीरांगनाएं बाहर निकले संगठित हो। आज हमारी कई चुनौतियां है राष्ट्रहित हमारा प्रथम लक्ष्य है। रेलवे स्टेशन में ठाकुर रवींद्रनाथ की तंगी कविता देखकर आत्म विभोर हो गई।



खबर संक्षेप

हाथ टच होने पर युवक पर चाकू से हमला

बिलासपुर। चिकन लेने के दौरान हाथ टच होने पर युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बहतराई निवासी शशि सूर्यवंशी पिता रामचरण सूर्यवंशी 27 अक्टूबर की रात 8.30 बजे अटल चौक रोहित के ठेले में चिकन लेने गया गया था। इसी दौरान उसका हाथ आशीष ठाकुर के हाथ से टच हो गया। इस पर आशीष ने उसके साथ प्लास्टिक की कुर्सी से जमकर मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके बाय हाथ में चोट आई है। पुलिस ने शशि की रिपोर्ट पर हमलावर आशीष ठाकुर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

बात क्यों नहीं करती कहकर युवक ने युवती को पीटा

बिलासपुर। बात क्यों नहीं करती कहकर सरेराह युवक ने युवती के साथ जमकर मारपीट की है। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती निजी हास्पिटल में काम करती है। 28 अक्टूबर की सुबह 7 बजे ड्यूटी करने हास्पिटल जा रही थी। तोरवा मेन रोड दारू दुकान के पास रितेन सिंह उर्फ हनी आया और बात क्यों नहीं करती कहकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर हाथ मुक्का व पत्थर से जमकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

ऑनलाइन भी दे सकेंगे सुझाव कल तक

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता का प्रारूप तैयार करने की प्रक्रिया में नागरिकों और विभिन्न संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को बिलासपुर में संभाग स्तरीय समूह चर्चा एवं परामर्श बैठक आयोजित की गई। देवकी नंदन दीक्षित सभागृह, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में आयोजित बैठक में विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार और सुझाव रखे। इस संबंध में 30 अक्टूबर तक वेबसाइट और ई-मेल से भी अपना सुझाव दे सकते है।

सार्वजनिक खरीद पर विशेष संगोष्ठी

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सतर्कता विभाग के तत्वावधान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सार्वजनिक खरीद एवं परिवर्तन सतर्कता के परिप्रेक्ष्य में विशेष संगोष्ठी आयोजित की गई। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार 26 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।





नो पार्किंग पर बेतरतीबी से खड़े किए जा रहे वाहन

बिलासपुर। कलेक्टोरेट के बगल में मल्टीलेवल पार्किंग बनने के बाद भी सड़क किनारे नो पार्किंग में बेतरतीबी से चार पहिया वाहन खड़े किए जा रहे हैं। नेहरू चौक, सहकारी बैंक के पास भी बेतरतीबी से वाहन खड़े होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करोड़ों रुपए खर्च कर एसपी आफिस के बाजू में मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। उसके बाद भी पूर्व की भांति कलेक्टोरेट से लेकर शेफर्ड स्कूल चौक तक सड़क के दोनों ओर बेतरतीबी से नो पार्किंग पर चार पहिया वाहन खड़े किए जा रहे हैं। आलम यह है कि कई वाहन आधी सड़क पर खड़े रहते हैं, जिसके चलते पल पल में ट्रैफिकजाम होता है।

तीन सब स्टेशन के साथ नए ट्रांसफार्मर से बढ़ेगी क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विद्युत वितरण केन्द्र मर्यादित बिलासपुर रीजन के ग्रामीण एरिया में बार-बार बिजली बंद की परेशानी को देखते हुए क्षमता वृद्धि करने नए ट्रांसफार्मर लगाने और नए सब स्टेशन बनाने के लिए शासन ने राशि स्वीकृत कर दी है, जिसके पूरा होने के बाद बिजली की समस्या 80 फीसदी तक कम हो जाएगी।



शहर और ग्रामीण एरिया में करोड़ों खर्च करने के बाद बिजली विभाग ने केबल बिछाने, नए ट्रांसफार्मर, नए सब स्टेशन सहित बिजली की क्षमता बढ़ाने का काम किया है, जिसके बावजूद हवा, आंधी तूफान व बारिश से बिजली बंद की समस्या से लोगों कों घंटो जूझना पड़ता है। विशेषकर गर्मी के मौसम में ट्रांसफार्मर और सब स्टेशन में अतिरिक्त लोड बढ़ने से बार-बार बिजली बंद की परेशानी होती है। इस तरह की समस्या हर साल बनी रहती है। शहर के साथ अब विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित बिलासपुर वृत्त ने ग्रामीण एरिया को दो हिस्सो बिलासपुर 1 और बिलासपुर दो में बांट दिया है, ताकि उपभोक्ताओं को अपनी परेशानी के लिए अफसरों व कर्मचारियों की खोजबीन न करनी पड़े। इसके साथ ही बिजली की क्षमता वृद्धि करने के लिए नए सब स्टेशन के अलावा पुराने सब स्टेशन में क्षमता वृद्धि बढ़ाने के लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने के लिए प्रपोजल मुख्यालय को भेजा गया था। इस प्रपोजल के बाद बुधवार को मुख्यालय की ओर से राशि की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। विभाग की ओर से भेजे गए प्रपोजल में बिलासपुर के मुंगेली क्षेत्र में 5 एमवीए बोडतराकला में 33 केवी लाइन और 11 केवी लाइन के लिए 265.14 लाख रुपए, बिलासपुर 1 में 5 एमवीए के तहत लिमतरा में 33 केवी लाइन, 11 केवी लाइन के लिए 201.39 लाख रुपए, बिलासपुर 2 में 5 एमवीए में खमतराई में 33 केवी और 11 केवी लाइन व पोल के लिए 293.60 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। वहीं तीन नए सब स्टेशन बिलासपुर टू के तखतपुर में 3.15 एमवीए के अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर 95.17 लाख रुपए, दैजा में 5 एमवीए का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर लगाने 115.12 लाख रुपए की राशि खर्च होगी। इसके साथ ही तीन नए सब स्टेशन खमतराई, लिमतरा, लोरमी के बोडसराकला में बनाए जाएंगे।

सीमांकन में बाधा बनी बारिश, कुछ देर नापजोख कर वापस लौट आई राजस्व की टीम

महावीर नगर से उसलापुर आरओबी तक खसरा नंबर 1552 की भूमि का सीमांकन शुरू



बिलासपुर। हाईकोर्ट के आदेशानुसार एक फिर महावीर नगर से उसलापुर आरओबी तक सड़के किनारे खसरा नंबर 1552 वाली जमीन का सीमांकन कराया जा रहा है। राजस्व विभाग की टीम द्वारा आज मिनोचा कालोनी भीतर तरफ से नापजोख शुरू की गई, किन्तु दोपहर बारिश होने लगी, जिसके कारण कुछ देर नापजोख के बाद राजस्व की टीम वापस लौट आई। अभी लगातार चार दिनों तक सीमांकन तहत नापजोख चलेगी।

महावीर नगर मिनोचा कालोनी से लेकर उसलापुर आरओबी सड़क तक ग्राम मंगला स्थित खसरा नंबर 1552 वाली जमीन को लेकर पहले भी काफी विवाद हो चुका है और कई बार जमीन की नापजोख हुई थी। इस बार हाईकोर्ट ने एक मामले में सीमांकन के आदेश दिए हैं, जिस पर राजस्व विभाग की टीम गठित कर सीमांकन कराया जा रहा है। खसरा नंबर 1552 रकबा 4.544 हेक्टेयर भूमि के दक्षिण में स्थित सभी भूमियों का सीमांकन किया जाना है। आज राजस्व विभाग की टीम मौके पर सभी दस्तावेज, रिकार्ड, नक्शा लेकर पहुंची और मिनोचा कालोनी के भीतर से अमेरी के सरहद तरफ से नापजोख करते हुए मुख्यमार्ग तरफ आई। राजस्व विभाग की टीम के पहुंचते ही मौके पर भूमि स्वामी भी पहुंचने लगे थे।

सीमांकन के लिए 10 सदस्यीय टीम गठित

खसरा नंबर 1552 रकबा 4.544 हेक्टेयर भूमि के सीमांकन के हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए नगर निगम आयुक्त ने बिलासपुर एसडीएम को पत्र लिखा था। इस पर राजस्व विभाग व नगर निगम की 10 सदस्यीय संयुक्त टीम सीमांकन के लिए गठित की गई है। इसमें नगर निगम के उप अभियंता हितेश मक्कड़, प्रभारी उप अभियंता जुगलकिशोर सिंह, राजस्व निरीक्षक सरकंडा परमेश्वर प्रसाद साहू, राजस्व निरीक्षक कोनी कुलदीप शर्मा, राजस्व निरीक्षक व्यपवर्तित विजय जोशी, सहायक राजस्व निरीक्षक नगर निगम केशव सोनी, सहायक राजस्व निरीक्षक नगर निगम धनीराम साहू, मंगला पटवारी विजय कोशले, कुदुदण्ड पटवारी सुरेश कुमार सिंह, धुमा पटवारी अमित दुबे शामिल हैं।

122 भूमि स्वामियों को नोटिस जारी

खसरा नंबर 1552 भूमि की नापजोख के लिए मिनोचा कालोनी निवासी श्रीमती नमिता ऋषि सहित उक्त खसरा नंबर वाली भूमि के समीप वाले 122 भूमि स्वामियों को नोटिस जारी किया गया है और नियम समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने कहा गया है। इन सभी पक्षकारों को सूचित करते हुए सीमांकन कार्य प्रसांगिक राजस्व अभिलेखों मानचित्र, पंचनामा, फील्डबुक और अन्य संबंधित दस्तावेजों को ध्यान में रखते हुए विधि के अनुसार सीमांकन कार्यवाही में सड़क की मौजूदा दिशा, प्रस्तावित जांच पश्चात सीमांकन के लिए नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों, राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों का दल गठन किया गया है।

सड़क निर्माण के लिए हटाया गया था अतिक्रमण


खसरा नंबर 1552 वाली भूमि पर ही महावीर नगर से मिनोचा कालोनी के सामने से होते हुए उसलापुर आरओबी तक चौड़ी नई सड़क बनाई गई है। यह 900 मीटर लंबी और 75 फूट चौड़ी सड़क निर्माण के लिए भूमि से अतिक्रमण हटाने काफी विवाद हुआ था और नगर निगम द्वारा कई लोगों का अतिक्रमण तोड़ा गया था और बाऊंड्रीवाल, गार्डन हटाई गई थी। लेकिन इसके बाद भी कुछ जगहों पर अतिक्रमण छोड़ दिया गया, जिसके चलते यह सड़क टेढ़ी-मेढ़ी बनी है। यहां पर जिन लोगों को अतिक्रमण तोड़ा गया और जिन लोगों का अतिक्रमण पूरा नहीं तोड़ा गया है उसी को लेकर मुख्य विवाद है।

गांजा तस्करी करते पकड़ा गया जबलपुर का युवक

बिलासपुर। गांजा की तस्करी करते हुए जबलपुर के युवक को जीआरपी की टीम ने पकड़ा है, जिसके पास से साढ़े 7 लाख रुपए से अधिक का गांजा जब्त किया गया है। बुधवार को बिलासपुर जीआरपी के प्रभारी विष्णु प्रसाद यादव को मुखबिर से सूचना मिली कि जोनल स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 7 और 8 पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है, जिसके पास गांजा होने की संभावना है। सूचना मिलते ही जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची, जिन्हें देखकर युवक भागने का प्रयास करने लगा। घेराबंदी कर युवक को पकड़कर पूछताछ में जबलपुर थाना गढ़ा निवासी संजय मेहरा उर्फ साहिल पिता रामसेवक मेहरा 37 साल के पास रखे बैग की तलाशी ली गई। तलाश के दौरान बैग में 15 किलो गांजा रखा हुआ था, जिसकी कीमत 7 लाख 50 हजार रुपए है। युवक ओडिशा से गांजा लाने के बाद जबलपुर की ओर लेकर जाने के लिए प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहा था। जीआरपी ने आरोपी को धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।



बाइक सहित युवक नाले में गिरा, मौत





बिलासपुर। देर रात बाइक सहित युवक सड़क किनारे नाले में गिरा हुआ मिला है। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगलवार को देर रात गोकुलधाम निवासी मनीष कुमार सेंद्रे 30 साल बाइक क्रमांक सीजी 28 ई, 7066 सहित इंदिरा सेतु कुदूदण्ड मोड़ पर सड़क किनारे नाले में गिर मिला। लोगों ने उसे नाले में गिरा देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचकर युवक को नाले से बाहर निकाला और उसे इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। सिविल लाइन टीआई रविशंकर तिवारी ने बताया, युवक स्वयं बाइक सहित नाले में गिरा है या किसी वाहन ने टक्कर मारी है यह स्पष्ट नहीं हुआ है। सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला जा रहा है। उसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

डाक्टर से मारपीट कर जान से मारने की धमकी, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। विवाद होते देख बीच बचाव करने गए डाक्टर के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। मोपका पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी ओपी कुर्रे ने बताया, विवेकानंद नगर फेस 1 निवासी डा. चंद्रशेखर शुक्ला पिता सीएल शुक्ला 40 साल ने रिपोर्ट लिखाई। गणेश उत्सव के दौरान कालोनी के गणेश समिति के सदस्यों के बीच विवाद हो रहा था। विवाद होते देख वे बीच बचाव करने गए तो समिति के सागर सोनी के द्वारा गाली गलौज कर मारपीट कर दी गई थी, जिससे वे तोरवा जेजे हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती हो गए थे। 28 सितंबर 2026 को उनके हाथ की सर्जरी हुई। उस दौरान वे बयान नहीं दे पा रहे थे। 2 अक्टूबर को उन्होंने मोपका सहायता केंद्र में घटना की शिकायत करते हुए अपना बयान दिया। सागर सोनी ने उनसे समझौता कर माफी मांगने का आश्वासन दिया। जिससे उन्होंने शिकायत वापस ले ली थी। 27 अक्टूबर को उनके साथ सागर सोनी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर सागर सोनी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन 12 को, दावा-आपत्ति 11 दिसंबर तक

बिलासपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम और मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण की जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पुनरीक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया।

बैठक में मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण संबंधी प्रस्तावों पर चर्चा की गई, जिस पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति व्यक्त की। बैठक में बताया गया कि जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत 8 मतदान केंद्रों का स्थल परिवर्तन, एक का भवन परिवर्तन और 18 मतदान केंद्रों के नाम परिवर्तन का प्रस्ताव है। इसके अलावा 40 मतदान केंद्रों के अनुभाग परिवर्तन तथा 6 अनुभागों के नाम परिवर्तन का प्रस्ताव रखा गया। सभी प्रस्तावों पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सहमति प्राप्त की गई। बताया गया कि 1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जाएगा। मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण एवं पुनर्गठन की प्रक्रिया 2 नवंबर तक पूरी की जाएगी। एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 12 नवंबर को होगा। इसके बाद 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावा-आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 28 दिसंबर तक किया जाएगा तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा।







खबर संक्षेप

रोजगार मेले में 24 युवा अंतिम रूप से चयनित



मुंगेली। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज परिसर, जमकोर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में तीन नियोजक कंपनियों ने भाग लिया। इनके द्वारा कुल 157 पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें जिले के 41 युवक-युवतियों ने उपस्थित होकर अपनी योग्यता एवं कौशल के आधार पर रोजगार प्राप्त करने के लिए सहभागिता की। रोजगार मेले में आयोजित चयन प्रक्रिया के दौरान 39 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया, जबकि 24 अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से चयनित किया गया।

गौधाम योजना को लेकर बैठक, पशु संरक्षण व बेहतर प्रबंधन पर जोर

मुंगेली। जिले में गोवंशीय पशुओं के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में जिला स्तरीय गौधाम समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष धनेश साहू ने की। इस दौरान गौधाम संचालन, पशु प्रबंधन, अधोसंरचना विकास एवं विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में गौधाम हेतु स्थानों के चिन्हांकन, संचालन के लिए चयनित संस्थाओं के दायित्व, मानव संसाधन की व्यवस्था, चरवाहा एवं गौ सेवकों की नियुक्ति, पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम तथा चारागाह विकास जैसे मुद्दों पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने गौधाम योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना गोवंशीय पशुओं के संरक्षण के साथ–साथ उनके संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि गौधाम संचालन में नियमित निरीक्षण, निर्धारित मापदंडों के अनुरूप मानव संसाधन चयन एवं चारागाह प्रबंधन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने बताया कि गौधाम योजना के तहत निराश्रित पशुओं के लिए शेड, पानी, बिजली एवं चारागाह जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 54 गौधाम के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से प्रथम चरण में 13 गौधामों के संचालन हेतु प्रस्ताव अनुमोदित कर आगे की कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया है। बैठक में विभिन्न ग्रामों में आवश्यकता अनुसार गौधाम हेतु भूमि चिन्हांकन पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर गौधाम समिति के सदस्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

खैरवार में लगी जनचौपाल ग्रामीणों को दी गई शासकीय योजनाओं की जानकारी



मुंगेली। पंचायत स्तर पर संचालित विकास कार्यो को गति देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत खैरवार बै में जनचौपाल का आयोजन किया गया। जिले में ग्रामीण क्षेत्रें में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने, श्रमिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु आयोजित जनचौपाल में ग्रामीणों ने अधिकारियों की बातें गंभीरता से सुनी। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में जनचौपाल में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संतोष घोषले, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अनुविभागीय अधिकारी जगन्नाथ सिदार, कार्यक्रम अधिकारी की उपस्थिति में श्रमिकों से संवाद कर उन्हें आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। जनचौपाल के दौरान श्रमिकों को रोजगार से संबंधित प्रावधानों, पंचायत स्तर पर संचालित कार्यो तथा शासकीय योजनाओं के माध्यम से मिलने वाले लाभों के संबंध में जानकारी देने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों एवं श्रमिकों की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें नियमानुसार समाधान उपलब्ध कराने तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक पहल करने की बात कही। शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीणों को रोजगार एवं विकास कार्यो का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया गया। जनचौपाल का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों और ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं को समझना तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार और विकास कार्यो के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर संबंधित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

कैशलेस इलाज के निर्णय का स्वागत, सीएम का जताया आभार

बेलतरा। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शासकीय कर्मचारियों एवं उनके आश्रित परिवारजनों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में जारी आदेश का भारतीय जनता पार्टी शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व तहसील अध्यक्ष, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, बिल्हा रामदत्त गौरहा ने स्वागत करते हुए प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। रामदत्त गौरहा ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय शासकीय कर्मचारियों और उनके परिवारों के हित में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समय आर्थिक परेशानियों का सामना करना किसी भी परिवार के लिए कठिन होता है। ऐसे में कैशलेस इलाज की सुविधा कर्मचारियों और उनके आश्रितों को बड़ी राहत प्रदान करने में सहायक होगी।

आसमान पर छाए बादल, चली ठंडी हवाएं

अर्नब का असरः बारिश से किसानों में बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



क्षेत्र में अर्नब चक्रवात का असर सुबह से ही देखने को मिला। आसमान पर बादल छाए रहे और रुक-रुककर बारिश होती रही। मौसम में आए अचानक बदलाव से जनजीवन प्रभावित हुआ है। लगातार बारिश और मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए किसी भी अप्रिय घटना की आशंका के मद्देनजर स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। मौसम में बदलाव से क्षेत्र के किसानों की चिंता भी बढ़ गई है।

खेतों में खड़ी फसलों धान पर बारिश का प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। लगातार बारिश होने से धान की फसल की भीगने से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।अचानक बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। यदि बारिश का सिलसिला लंबे समय तक जारी रहता है, तो फसलों को अधिक नुकसान होने की आशंका है। सुबह से ही रुक-रुक कर ठंडी हवा चलती रही और आसमान में बादल छाए रहे वहीं दोपहर से बारिश की शुरुआत हो गई। इधर इस में मौसम बारिश से किसान चिंतित देख रहे हैं। धान के साथ-साथ फसल जिसमें सब्जी के भी खराब होने की अंदेशा है और एक-दो दिन बारिश हुई तो सब्जी के दामों में भी वृद्धि होगी। इधर प्रशासन ने भी अपनी तैयारी रखी है कि यदि कोई बाढ़ या अन्य स्थिति बने तो उसे किस तरह से निपटा जा सके।

चक्रवाती तूफ़ान के प्रभाव से जन जीवन प्रभावित



दगोरी। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम कम दबाव का क्षेत्र अर्नब चक्रवाती तूफान का असर भी क्षेत्र में होने लगा हैं। बुधवार को दिन भर बौछार के साथ ही ठंडी हवा के चलने से जन जीवन थम सा गया है। लोग अपने घरों गंतव्य पर बैठे रहे। बारिश के कारण मौसम ठंडा हो गया। लोगों को बाहर निकलने में तकलीफ का सामना करना पड़ा। बाजार दिन भर शांत रहा। खासकर आगामी एक दिन बाद होने वाले करवाचौथ की वजह से थोड़ा लोगों का आना जाना लगा रहा। कुल मिलाकर तूफान का असर आम जनता पर पड़ रहा है। सभी लोग एक जगह शांत बैठे रहे। किसानों ने बताया कि हरहूंन किस्म की धान के लिए हानिकारक है। वहीं ज्यादा पकने वाले धान के लिए यह बरसात लाभदायक है। अगर बरसात सामान्य होता है तो वह किसानों के लिए फायदेमंद होगा। वहीं पानी ज्यादा गिरने से खड़ी फसल को नुकसान हो सकता है। चक्रवात के असर से बाजार पूरी तरह शांत लग रहा है।

लिटिल चैंप सीजन-2 के ऑडिशन में 97 बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा



■ चार वर्षीय वनिता राजवाड़े ने खींचा सबका ध्यान

जिले की बाल प्रतिभाओं को नई पहचान और मंच प्रदान करने के उद्देश्य से कर्मचारी प्रतिभा मंच द्वारा आयोजित लिटिल चैंप सीजन-2 की गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता के ऑडिशन में 97 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रविवार, 25 अक्टूबर को गुरुमंत्रा पब्लिक स्कूल, अमरपुर पेण्ड्रा में आयोजित ऑडिशन में गायन के 39 और नृत्य के 58 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

6 से 16 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता के ऑडिशन में बच्चों ने अपनी कला और हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। गायन और नृत्य के लिए अलग-अलग हॉल में चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों ने निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन के चलते चयनकर्ताओं के सामने भी प्रतिभागियों का चयन करना चुनौतीपूर्ण रहा। ऑडिशन में चयनित प्रतिभागियों के मेगा फाइनल की तिथि कर्मचारी प्रतिभा मंच द्वारा जल्द घोषित की जाएगी।

ऑडिशन के दौरान कई बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इनमें चार वर्षीय वनिता राजवाड़े विशेष आकर्षण का केंद्र रही। स्वर्गीय कमलेश राजवाड़े की पुत्री वनिता ने अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। उल्लेखनीय है कि वनिता ने जून माह में उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित तारांगन ऑल इंडिया नेशनल डांस, म्यूजिक एंड फाइन आर्ट्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया था।

इग्नाईट स्कूलों की बदहाली को लेकर डीईओ से मिले प्रधान पाठक



पथरिया। जिले के तीनो ब्लाक मुख्यालयों में स्थित प्राथमिक एवं मिडिल इग्नाईट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों जिसमे सीबीएसई पैटर्न, एनसीआरटी पाठ्यक्रम की पढ़ाई कराई जाती है। पिछले कुछ सालों से अनेक मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है।

■ अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकों और गुणवत्ता की उठी मांग

जिसको लेकर उक्त शालाओ के प्रधान पाठकों ने जिला शिक्षा अधिकारी डॉ मोहन लाल पटेल से मुलाकात कर वस्तु स्थिति की जानकारी दी एवं इग्नाईट शाला में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक की आवश्यकता की मांग रखी गई। इस पर जिला शिक्षा शिक्षा अधिकारी डॉ मोहन लाल पटेल ने कहा कि सभी इग्नाईट विद्यालयों में सीबीएसई पैटर्न की गुणवत्ता के साथ अध्यापन कार्य सुनिश्चित करने विशेष एवं परिणामोन्मुखी कार्ययोजना तैयार करेंगे जिससे ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा मिल सके। उन्होंने भविष्य में समय पर पाठ्यपुस्तक, परीक्षा सम्बंधित दस्तावेज, एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराने की बात कही। अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकों के लिए मांग भेजने की बात कही गई बता दे कि 2018 में प्रदेश के सभी ब्लाक मुख्यालय में एक प्राथमिक और एक मिडिल स्कूल सीबीएसई पैटर्न की पढ़ाई के लिए उन्नयन किया गया था जिसमें एनसीईआरटी की किताबें रायपुर से भेजी जाती रही है। इन विद्यालयों के लिए पथरिया में 3, मुंगेली में 2 एवं लोरमी में 2 अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकों की नियुक्ति भी हुई है लेकिन पिछले कुछ साल से ये स्कूल उपेक्षा के शिकार है। यहाँ तक कि किताबे भी समय से नही मिल रही और अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है। इन सभी समस्यों से डीईओ अवगत थे इसलिए इग्नाईट के प्रधान पाठको की बैठक बुलाकर उनमे सुधार करने आवश्यक कार्य करने का आश्वासन मिला है। बैठक में संकुल समन्वयक मोहित खंडे, पथरिया प्राथमिक इग्नाईट के प्रधान पाठक गुना राम निर्मलकर, मिडिल से विजय लक्ष्मी सोनवानी, लोरमी प्राथमिक से सन्तोषी सोनवानी एवं मुंगेली से प्रधान पाठक उपस्थित रहे।

भाजपा की जिला बैठक में आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा



मुंगेली। भारतीय जनता पार्टी जिला मुंगेली की बैठक जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 2 नवंबर को आयोजित होने वाले 'लोकतंत्र बचाओ, अराजक तंत्र हटाओ' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

इसके साथ ही संगठनात्मक विषयों की समीक्षा और आगामी कार्ययोजना को लेकर भी रणनीति तैयार करने पर जोर दिया गया। जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की तथा आगामी कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने पर जोर दिया। बैठक में विशेष रूप से धान खरीदी सोसायटियों के अध्यक्षों को भी आमंत्रित किया गया था। आगामी धान खरीदी व्यवस्था को सुचारु एवं व्यवस्थित बनाने तथा किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इस विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का स्वागत भाषण भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने दिया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री कैलाश सिंह ठाकुर ने किया, जबकि जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में शैलेष पाठक, गिरीश शुक्ला, श्रीकांत पाण्डेय, सुनील पाठक, शैलेंद्र तिवारी, रिंकू सिंह, केशव प्रसाद तिवारी, डॉ शिव कुमार बंजारा, बलराम जायसवाल, लालाराम साहू, राजीव श्रीवास, सुखचंद साहू, सुरेश सिंह क्षत्रिय, शंकर सिंह, विजेंद्र दीक्षित, सविता जायसवाल, देवेंद्र केशरवानी, वीरेंद्र गुप्ता, अशोक निर्मलकर, राजेश्वर सिंह टंडन, होरी राम सोनकर, प्रदीप सिंह, विनोद गोस्वामी, कमलेश कुमार प्रजापति, बसंत स्वर्णकार, मोहन सिंह ठाकुर, दानीसिंह ठाकुर, नारायण जायसवाल, घनश्याम यादव आदि मौजूद थे।

धर्म की रक्षा के लिए धरती पर अवतार लेते हैं भगवानः मिश्रा

मल्हार। जगत के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु धर्म की रक्षा, अधर्म के विनाश और भक्तों के कल्याण के लिए पृथ्वी पर अवतार लेते हैं। भगवान के प्रत्येक अवतार के पीछे कोई न कोई महत्वपूर्ण उद्देश्य और कथा जुड़ी हुई है। यह बात मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथावाचक पंडित पंकज भूषण मिश्रा ने कही।



उन्होंने भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम ने मर्यादा, त्याग और कर्तव्यपालन का संदेश दिया। सूर्यवंश में जन्मे प्रभु श्रीराम ने परिवार, समाज, राज्य और राष्ट्र के हित में त्याग की प्रेरणा दी। वहीं चंद्रवंश में अवतरित भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की स्थापना, अधर्म के विनाश और श्रीमद्भगवद्गीता के माध्यम से मानव जीवन को कर्म एवं कर्तव्य का अमूल्य संदेश दिया। कथावाचक ने भगवान विष्णु के मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिंह, वामन, परशुराम, श्रीराम, श्रीकृष्ण और बुद्ध अवतारों की कथाओं का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि मत्स्य अवतार में भगवान ने प्रलय से रक्षा की, कूर्म अवतार में समुद्र मंथन के दौरान मंदराचल पर्वत को आधार दिया, जबकि वराह अवतार में हिरण्याक्ष का वध कर पृथ्वी का उद्धार किया। नरसिंह अवतार धारण कर भगवान ने भक्त प्रह्लाद की रक्षा की और अत्याचारी हिरण्यकश्यप का अंत किया। वामन अवतार में राजा बलि से तीन पग भूमि मांगकर भगवान ने उन्हें अपनी कृपा प्रदान की। वहीं भगवान परशुराम ने अत्याचारी शासकों का दमन किया तथा भगवान बुद्ध ने शांति और करुणा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कलयुग के अंत में भगवान विष्णु कल्कि अवतार धारण कर अधर्म का विनाश करेंगे और धर्म की पुनः स्थापना करेंगे। कथा के मुख्य यजमान संगीता एवं संजय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर राघवेंद्र वैष्णव, छोटेलाल, पदुम, पिंटू, सनत, कमलकांत, सुमन, श्रीमंत, खोलबहरा, जगदीश, चंद्रकांत, गौरीशंकर गौतम, श्रीरीश, ओमप्रकाश मिश्रा, महावीरदास, गणेश वैष्णव, आकाश कैवर्त सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सरकारी जमीन पर कब्जा, नपा अध्यक्ष के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत

रतनपुर। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष के खिलाफ शासकीय भूमि पर कथित अवैध कब्जे को लेकर जिला कलेक्टर से शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता ने खसरा नंबर 3938 की भूमि पर कब्जे का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई करने की मांग की है। 27 अक्टूबर 2026 को प्रस्तुत शिकायत आवेदन में आरोप लगाया गया है कि नगर पालिका अध्यक्ष लवकुश कश्यप ने शासकीय भूमि पर कब्जा कर अपने पद का दुरुपयोग किया है। इस मामले में पहले भी कार्यपालिक दंडाधिकारी रतनपुर के समक्ष शिकायत किए जाने का उल्लेख किया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि राजनीतिक प्रभाव के कारण अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है, जबकि मामला रतनपुर तहसील में लंबित बताया गया है। शिकायत में पटवारी एवं तहसीलदार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि संबंधित शासकीय भूमि पर कब्जे की स्थिति सामने आई है। शिकायतकर्ता ने प्रकरण से जुड़े राजस्व एवं कार्यालयीन दस्तावेजों की छायाप्रति भी कलेक्टर को सौंपने की बात कही है। आवेदन में जिला प्रशासन से पूरे मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की गई है। नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ शासकीय भूमि पर कब्जे का आरोप सामने आने के बाद अब इस मामले में प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर चर्चा तेज हो सकती है। शिकायतकर्ता ने कलेक्टर से मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

मापदंडों व गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हों निर्माण कार्य



मुंगेली। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने मुंगेली जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित विकसित भारत-जीरामजी एवं पंचायत निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत पालचुवा में स्टोरेज टैंक एवं डबरी निर्माण कार्यों तथा ग्राम खैरवार बै. में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं स्टेगार्ड ट्रेंच निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री रावटे ने संबंधित निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कार्यों की प्रगति, निर्माण की गुणवत्ता तथा निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडों एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हों। ग्राम पंचायत पालचुवा में स्टोरेज टैंक एवं डबरी निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों से जल संग्रहण क्षमता बढ़ाने तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप संसाधनों के बेहतर उपयोग में मदद मिलती है। ग्राम खैरवार बै. में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य का निरीक्षण कर निर्माण की प्रगति का जायजा लिया गया। वहीं, स्टेगार्ड ट्रेंच निर्माण कार्य की स्थिति का भी अवलोकन किया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें तथा कार्यों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखें। जिला पंचायत सीईओ ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उनकी प्रगति की समीक्षा की जाए। कार्यों के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का समय पर निराकरण कर निर्धारित समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

किसानों को मिले पारदर्शी व्यवस्थाः कलेक्टर

धान खरीदी की तैयारियों में लापरवाही बर्दश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीदी के तैयारी के संबंध में जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता का कार्य है। उन्होंने प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। धान उपार्जन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित होनी चाहिए।

■ धान खरीदी के संबंध में प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक

कलेक्टर ने जिले में धान खरीदी की प्रस्तावित व्यवस्था, उपार्जन केंद्रों की तैयारियों तथा किसानों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि धान खरीदी शुरू होने से पहले सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं। खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं के साथ ही धान की तौल, भंडारण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन 15 नवंबर 2026 से प्रारंभ होना प्रस्तावित है। कलेक्टर तोपनो ने कहा कि धान खरीदी के दौरान आने वाली समस्याओं की पहले से पहचान कर उनके निराकरण की कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि खरीदी शुरू होने के बाद किसानों को समस्याओं का सामना न करना पड़े। उन्होंने धान खरीदी की प्रक्रिया में पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा प्रत्येक स्तर पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में धान खरीदी के दौरान आने वाली समस्याओं के निराकरण, शासन द्वारा जारी नए दिशा-निर्देशों के पालन तथा पारदर्शी व्यवस्था को मजबूत बनाने सहित धान उपार्जन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। इस दौरान अपर कलेक्टर अंजोर सिंह पैकरा, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मुंगेली जिले के 113 केन्द्रों में की जाएगी धान की खरीदी

मुंगेली। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के हित में लिए जा रहे निर्णयों से किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदी की व्यवस्था को किसान हितैषी कदम बताते हुए जिले के ग्राम बोदा निवासी नंदूराम अंचल ने शासन की सराहना की है।

नंदूराम ने कहा कि धान खरीदी की यह व्यवस्था किसानों के परिश्रम को उचित महत्व देने और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। खेती-किसानी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। ऐसे में किसानों की उपज के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य पर खरीदी तथा शासन की किसान कल्याणकारी योजनाएं उनके लिए आर्थिक सहारा बनती हैं। ग्राम बोदा के श्री नंदूराम अंचल ने शासन की धान खरीदी व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक खरीदी का प्रावधान किसानों के हित में महत्वपूर्ण पहल है। इससे किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलती है और कृषि कार्यों में किए गए निवेश के प्रति भरोसा मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी की यह व्यवस्था किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने और खेती-किसानी को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।